ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025

वर्ष 3, अंक 289, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी




- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

# सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

## एक नजर

### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

### मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

### ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

# डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

### चित्रकूट में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ हादसा

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए और लोगों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया और दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामू साहू (26) ग्राम बल्हौरा थाना मऊ, दुर्गा (36) ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा, बच्चा (40) निवासी सखौहा, उनैन (25) निवासी बल्हौरा, संतराम उर्फ राजा (40) के रूप में हुई है। मृतक रामू पिकअप का मालिक था, जो बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर जा रहा था। घायलों में इमरान (32) निवासी कुंडा (प्रतापगढ़) डीसीएम चालक है। उसने रास्ते में सवारियां बैठा ली थीं। इसके अलावा दूधनाथ (45), शादिम (25), देवनाथ (42), रजवा (25) और शक्ति (25) सभी पहाड़ी निवासी, हीरो अली (25) घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक अविनाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिक्षक नेता बराती लाल पांडेय ने घटनास्थल और रामनगर सीएचसी में पीड़ितों को ढांढस बंधाया।

## अब्बास अंसारी की विस सदस्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है।

अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा। इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है।

मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।




- विमान ईंधन के दाम भी तीन प्रतिशत घटे

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फैसला

निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## गुजरात के कृषि मंत्री बच्चुभाई खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी। बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद ''बी'' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि 31 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खाबड़ की कंपनी को 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत आवंटित कार्य पूरा किए बिना 33.86 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था।

- मनरेगा घोटाले से जुड़े एक मामले में हुई कार्रवाई

# डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

## एक नजर

### जनसमस्याओं के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान

**गोसाईगंज।** गोसाईगंज स्थित एक मैरिज हॉल में पत्रकारों की बैठक हुई। इसमें जनसमस्याओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने और पत्रकारों पर हमले पर कार्रवाई की बात कही गई। वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम दासगुप्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। संचालन दिनेश चंद्र तिवारी ने किया। बैठक में कपिल देव, अमित तिवारी, बाबूराम, गोकरन कौशिक, एसएन विश्वकर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### पुलिस नहीं लगा पाई चोरी हुई बाइक का सुराग

**अयोध्या।** नया घाट क्षेत्र से चोरी हुई बाइक का सुराग पुलिस पांच दिन बाद भी नहीं लगा पाई। पिछले मंगलवार की शाम वेद प्रकाश तिवारी अपनी बाइक नया घाट पुलिस चौकी के पास खड़ी कर परिवार संग दर्शन-पूजन के लिए गए थे। लौटने पर बाइक गायब मिली। चौकी प्रभारी अनुराग पाठक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में चोर बाइक ले जाते नजर आया है, जबकि कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दो टीमें सुरागरसी में लगाई गई हैं।

# महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव का आगाज

## सनातन शक्ति का प्रतीक होगा राम मंदिर : डॉ. दिनेश शर्मा, नौ दिन होंगे कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय



मणिराम दास छावनी में आयोजित जन्मोत्सव के दौरान मौजूद अतिथिगण और साधु-संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव का आगाज हो गया है। 9 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत में रविवार की सुबह आठ बजे सबसे पहले नेपाल देश से आए हजारों भक्तों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मणिराम दास छावनी की यज्ञशाला में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन भी प्रारंभ हुआ। वैदिक आचार्य के द्वारा श्रीराम स्त्रोत का पाठ और मंत्रोच्चारण से आहुति डाली गई।

वहीं श्रीमद वाल्मीकि रामायणम कथा प्रारम्भ के उद्घाटन सत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और भानुपुरापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद महाराज, नेपाल के चतरा धाम से आये रामानंदाचार्य श्रीमत्यस्वामी राम कृष्णाचार्य, सुदामा कुटी वृंदावन के महंत सुतिक्षण दास और नेपाल राष्ट्र के जगद्गुरु रामानंदाचार्य रामकृष्णाचार्य, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत संत धर्माचार्यों ने हिस्सा लिया।

कथा मंडप में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आये सभी साधु संतों ने महंत नृत्य गोपाल दास को जन्मोत्सव की बधाई दी और दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं जो आज परम गुरु के जन्मोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला है। पहली बार उनका दर्शन 1992 में युवा मोर्चा के अध्यक्ष होने के दौरान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि आज जो श्री राम मंदिर निर्माण का भाव देख रहे हैं इसके प्रणेता महंत नृत्य गोपाल दास हैं। आज राम जन्मभूमि और कृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष भी हैं। आज सभी संतों का दर्शन विशेष आनंद की अनुभूति कर रहा है। श्रीराम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि 500 वर्षों के बाद यह दिन आया है। राम मंदिर सनातन शक्ति का प्रतीक भी होगा। इस दौरान मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महंत जन्मेजय शरण, अधिकारी राजकुमार दास, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, महंत विमल दास, संत मिथिला बिहारी दास शीतल अन्य हजारों की संख्या प्रदेश के विभिन्न जनपदों व नेपाल से आये भक्त मौजूद रहे।

### कारसेवकों को महंत ने कराया था भोजन: बृजभूषण

पूर्व सांसद राम मंदिर विवादित ढांचा विध्वंस के आरोपी रहे बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि हमें वह दिन भी याद है जब प्रदेश में मुलायम सिंह की सरकार थी और पूरे देश के कारसेवक अयोध्या पहुंचे थे, जिसमें कुछ ऐसे भी थे जिन्हें हिंदी का बोध नहीं था और यहां पर उनके रहने और भोजन का भी बड़ा संकट बन गया था। उस समय महाराज नृत्य गोपाल दास ने मंदिर की परंपरा को तोड़कर सभी कारसेवकों को भोजन कराने का निर्णय किया था।

# गाड़ी खड़ी करने के विवाद में रेस्टोरेंट मालिक पर हमला

अयोध्या, कार्यालय।



▸▸ कोतवाली नगर अंतर्गत सिविल लाइन्स स्थित सबरी रेस्टोरेंट की घटना

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत सिविल लाइन्स इलाके में रेस्टोरेंट के सामने बाइक खड़ी करने के विवाद में कुछ युवकों ने रेस्टोरेंट मालिक व उसके नौकर पर चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित जयवर्धन सिंह निवासी बड़ा रमना देवकाली कोतवाली नगर ने बताया कि शनिवार को वह अपने रेस्टोरेंट पर मौजूद थे। शाम करीब 7:30 बजे आदित्य तिवारी निवासी रिकाबगंज, राजन पता अज्ञात व दो अज्ञात बाइक से आए और रेस्टोरेंट के सामने खड़ा कर दिया। इस दौरान वह कहीं जाने के लिए बाहर निकले तो अपनी बाइक निकालने में असुविधा हुई तो उन्होंने आदित्य से अपनी बाइक हटाने को कहा। इस पर वे लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीटा। शोर मचने पर रेस्टोरेंट में काम करना वाला कर्मी आयुष व अशोक बचाने आए तो उन सभी ने चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आसपास के लोग एकत्र हुए तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। चाकू लगने से सिर, गले व हाथ पर व कर्मी अशोक के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अमृत सरोवर के क्षतिग्रस्त बांध को बनवाने का काम शुरू

पूराबाजार, अयोध्या



ग्राम पंचायत ददेरा में अमृत सरोवर में बंधा ठीक करने के लिए लगाई गई जेसीबी।

खबर का असर

▸▸ ठेकेदार ने अवैध रूप से खोदवा डाला अमृत सरोवर


ठेकेदार ने खोद डाला अमृत सरोवर

अमृत विचार में प्रकाशित रविवार को पीडीएफ।

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत ददेरा में एक दबंग ठेकेदार ने अमृत सरोवर ही खोद डाला। बांध को क्षतिग्रस्त कर दिया। अमृत सरोवर का शिलान्यास तत्कालीन सांसद लल्लू सिंह ने 21 मई 2022 को किया था। अमृत सरोवर का तालाब ठेकेदार से खोदे जाने का खुलासा शनिवार को तब हुआ जब आवंटी से आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत सामने आई।

रविवार के अंक में अमृत विचार ने 'ठेकेदार ने खोद डाला अमृत सरोवर' के शीर्षक से प्रकाशित समाचार के बाद आनन-फानन में पहुंची जेसीबी मशीन ने क्षतिग्रस्त बंधे का निर्माण करना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि खबर को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने सुबह ही ठेकेदार को तलब किया। निर्देश दिया कि तत्काल बांध को दुरुस्त करने का काम शुरू करें। इसके बाद ठेकेदार जेसीबी लेकर बांध निर्माण कार्य में जुटा है। इसी बीच एसडीएम सदर ने भी खोदे गए अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने मिट्टी की खोदाई आदि का भी आकलन किया। हालांकि इसे लेकर उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।

ददेरा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर अभियान के तहत 2022 में इंद्र कुमार प्रियदर्शी को आवंटित तालाब को अमृत सरोवर के रूप में चयन किया गया था। तत्कालीन सांसद लल्लू सिंह ने न केवल इसका शिलान्यास किया बल्कि सुंदरीकरण के लिए बाकायदा चारों ओर बांध बना कर पौधरोपण समेत अन्य कार्य कराए गए। लोग यहां सांझ को आकर आनंद उठाते थे। ग्राम पंचायत अधिकारी रजत द्विवेदी ने बताया कि ठेकेदार ने बांध निर्माण शुरू कर दिया है। एसडीएम सदर ने निरीक्षण किया। अब आगे की कार्रवाई तहसील प्रशासन से की जाएगी।

## ब्याज सहित पैसा देने पर जेवर मांगा तो सुनार ने पीटा

**अयोध्या, अमृत विचार:** सोना गिरवी रखकर 75 हजार रुपये लिए, ब्याज समेत 1.30 लाख वापस किए। जब जेवरात वापस मांगा तो दुकानदार ने पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली अयोध्या पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। पीड़ित रामजतन निवासी रामघाट खाले का पुरवा निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे सुनील सोनी की दुकान पर अपने जेवर रखकर 75 हजार रुपये लिए थे। 29 मई को उसने मूल धन व ब्याज मिलाकर कुल 1.30 लाख रुपये सुनील को दिए व अपने जेवर वापस मांगे। इस पर सुनील ने कहा कि जेवरात अलग रखा है। आधे घंटे बाद आना तो दे दूंगा। बताया कि वह करीब एक घंटे बाद सुनील की दुकान पर जा रहा तो रास्ते में श्यामा सदन के पीछे सुनील उन्हें मिला व जातिसूचक गाली देते हुए कहा कि जेवरात नहीं दूंगा। चाहे जो कर लो। विरोध करने पर उसने मुझे बुरी तरह से मारा पीटा। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सुनील सोनी के खिलाफ अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# स्टीयरिंग फेल होने से अनियंत्रित बस वर्कशॉप में घुसी, गार्ड की मौत

अयोध्या कार्यालय


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस व वर्कशॉप की टूटी दीवार। अमृत विचार

▸▸ थाना कैंट अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर कोटसराय के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** थाना कैंट अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटसराय के पास रविवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर मारुति वर्कशॉप की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। दुर्घटना में वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि बस में बैठे यात्री बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

दोपहर करीब तीन बजे सवारियों को लेकर एक निजी बस लखनऊ से अयोध्या की ओर आ रही थी। हाईवे से सर्विस लेन पर उतरने के दौरान अचानक बस का स्टीयरिंग अचानक फेल हो गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर मारुति वर्कशॉप की बाउंड्रीवॉल को तोड़ते हुए गार्ड के लिए बनी चौकी में घुस गई। दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चौकी में बैठा गार्ड आलोक श्रीवास्तव निवासी सहादतगंज बस के नीचे दब गया। यह देख वर्कशॉप के कर्मी व आसपास के लोग दौड़े व किसी तरह गार्ड को बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, थाना प्रभारी पंकज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। सीओ सिटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बंजर भूमि पर कब्जे की ग्रामीणों ने की शिकायत

**गोसाईगंज, अमृत विचार:** सदर तहसील क्षेत्र के गौहनियां परशुरामपुर में सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जे कर लिया गया। देवगिरिया पुरैनी के संजय वर्मा पर आरोप है कि दबंगई के बल पर ग्राम गौहनियां स्थित नवीन परती गाटा संख्या 811 ख और बंजर भूमि गाटा संख्या 811 ग पर राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से स्थायी निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण पूरी तरह अवैध है, लेकिन राजस्व कर्मियों को मिलाकर रात्रि में लेखपाल से चिह्नित कर अवैध निर्माण का कराया जा रहा है। गांव के रहने वाले हरिशंकर विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने अवैध कब्जे की शिकायत उपजिलाधिकारी सदर समेत मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर की है। मांग की है कि अवैध निर्माण तत्काल रोका जाए, सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। नायब तहसीलदार गोसाईगंज गौरी शंकर वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जांच करवा रहे हैं।

# सैनिक शब्द से ही होने लगता आत्म गौरव का बोध

अयोध्या कार्यालय


स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ सेना शिक्षा कोर ने मनाया अपना 105 वां स्थापना दिवस

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और सेना शिक्षा कोर के संयुक्त तत्वावधान में सेना शिक्षा कोर का स्थापना दिवस मनाया गया। आयोजन रायबरेली रोड स्थित होटल में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सैनिक शब्द से ही आत्म गौरव का बोध होने लगता है।

मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा की सेना शिक्षा कोर की भूमिका अग्रणी है। अयोध्या की चर्चा में पूर्व सैनिकों को जोड़ते हुए महापौर ने अयोध्या के लिए सैनिक और सैनिक धर्म की उपयोगिता बताई। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक प्रो.विक्रमा प्रसाद पांडे ने पूर्व सैनिकों को देश प्रथम के भाव से देखते हुए समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह ने कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना से चलाया गया। इसमें भारतीय सेना का दृढ़ निश्चय और संकल्प फलीभूत हुआ। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अयोध्या अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक ने कहा कि भारतीय सेना में सेना शिक्षा कोर का वही महत्व है जो शरीर में रीढ़ की हड्डी का है। कार्यक्रम में प्रो. आभा सिंह ने कहा की विश्वविद्यालय का प्रोफेसर और सैनिक का जीवन दोनों लगभग मिलता-जुलता है।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन माल्यार्पण से हुई। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। परिषद के मिल्कीपुर अध्यक्ष कैप्टन हनुमान दत्त मिश्र ने सेना शिक्षा कोर के इतिहास का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में कैप्टन कौशल किशोर मिश्रा, कैप्टन पारस नाथ पांडे, कैप्टन भृगु नाथ शुक्ला, कैप्टन प्रकाश शुक्ला, कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा, कैप्टन चौरसिया, हवलदार परमात्मा प्रसाद यादव, कृष्ण कुमार तिवारी सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सपा ने कर ली आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी: प्रदेश अध्यक्ष

**मवई, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरी कर चुकी है। वह अयोध्या में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लखनऊ वापस जा रहे थे। इस दौरान मवई के एक रेस्टोरेंट पर कार्यकर्ताओं के स्वागत के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डबल इंजन की सरकार आम जनता के साथ छलावा कर रही है। बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतांत्रिक मूल्यों की चर्चा की। कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश में सामाजिक न्याय की स्थापना करना चाहते हैं। सपा प्रदेश सचिव मो. अली, रिजवान रसूल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष समरपाल सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रिहान खां, चौधरी अदनान, शकील रिजवी और सैयद आफताब रसूल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।


## सार-संक्षेप


रालोद राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोकी त्यागी का स्वागत करते रालोद के पदाधिकारी।

### रालोद के राष्ट्रीय महासचिव का किया गया स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार :** संत कबीरनगर जा रहे रालोद राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोकी त्यागी का अयोध्या एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। वह बस्ती जिले में प्रेस क्लब में आयोजित संतकबीर नगर क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने जा रहे थे। स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र चौधरी रामसिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्ववेशनाथ मिश्र, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत, युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, क्षेत्रीय सचिव नेतराम वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, गंगाराम वर्मा, अवधेश तिवारी, श्याम सिंह पटेल आदि थे।

### मक्का समेत अन्य फसलों को देखने पहुंची कृषि विभाग की टीम


सोहावल के बभनियावा गांव में मक्के की फसल का अवलोकन करते अधिकारी।

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल ब्लॉक क्षेत्र के बभनियावां गांव के प्रगतिशील किसान मोहन सिंह की मक्का सहित उड़द और मूंग आदि की खेती देखने कृषि विभाग की टीम पहुंची थी। टीम के लोगों ने सराहना की। रविवार को विभाग अध्यक्ष गन्ना अनुसंधान संस्थान केंद्र लखनऊ डॉ. एके सिंह, उपकृषि निदेशक डॉ. पीके कनौजिया, कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. रामगोपाल, गन्ना विकास विभाग के दिलीप श्रीवास्तव, एडीओ एजी सोहावल रंजीत त्रिपाठी, इंचार्ज बीज गोदाम पवन मौर्य सहित अन्य लोग बभनियावां पहुंचे थे।

### मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरने में डटे आउटसोर्स कर्मी

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर तले निविदा/संविदा कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर न्याय मिलने तक मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना जारी है। रविवार की सभा में प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा प्रबंधन में बैठे अधिकारी मौन हैं। यह बहुत बड़ा सवाल है। गरीब मजदूरों की सुनने वाला कोई नहीं है, जबकि कहा जा रहा है की अयोध्या में रामराज्य आ गया है। अध्यक्ष जय गोविंद ने कहा कि मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि तत्काल हस्ताक्षेप कर मजदूरों को न्याय दिलाएं। विरोध सभा में केएन सिंह, संजय सिंह, सत्य प्रकाश, राजेश, ज्ञानेंद्र यादव, प्रदीप यादव, विनय मौर्य, विजय, आफताब, अर्जुन, निक्कू पांडेय सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी भाग लिए।

### छात्र संघ बहाली को चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय छात्र संगठन सदैव छात्रों की आवाज बनकर खड़ा रहा है। भविष्य में भी छात्र हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। यह बातें राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष और फैजाबाद जिले के प्रभारी सईदुर रहमान अंसारी ने कांग्रेस कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों से कही। जय प्रताप गुप्ता को संगठन के महानगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने की घोषणा की। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र संघ के चुनाव न करा कर राजनीति की नर्सरी को खत्म करने का प्रयास कर रही है। छात्र संघ बहाली की मांग करनी चाहिए। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जल्द ही अयोध्या महानगर में छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाएगा। जिला उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, अश्वनी सिंह मधुर, युवा अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र, अशोक, देव, अंशु, निजाम, विजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# 250-400 केवीए ट्रांसफार्मरों पर अब टेलनेस सिस्टम, लोड पर आटोमैटिक उड़ेगा फ्यूज

अयोध्या कार्यालय



▸▸ निर्बाध आपूर्ति के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन का एक और प्रयोग

▸▸ ग्रामीण क्षेत्रों में शुरु की गई पहल, ट्रिपिंग से राहत की उम्मीद

**अमृत विचार :** जिले के मिल्कीपुर, हैरिंगटनगंज, कुमारगंज व सोहावल आदि उपकेंद्रों में विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए एक नवीन पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत 250 से 400 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों पर टेलनेश सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इस सिस्टम की मदद से ट्रांसफार्मर और केबल पर ओवरलोड का खतरा कम होगा, जिससे विद्युत आपूर्ति में सुधार के साथ-साथ विभागीय संसाधनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

टेलनेश सिस्टम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त भार पड़ने की स्थिति में इसका फ्यूज स्वतः उड़ जाता है। इससे ट्रांसफार्मर और इससे जुड़ी केबल पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता। जिससे उपकरणों की सुरक्षा बढ़ती है। यह सिस्टम न केवल ट्रांसफार्मर को जलने से बचाता है, बल्कि विद्युत आपूर्ति में होने वाली बाधाओं को भी कम करता है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में सुधार हो रहा है।

> टेलनेश सिस्टम की स्थापना से न केवल उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और निरंतरता में भी वृद्धि हुई है। यह पहल ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। - **अमित कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी।**

> अभी इसे ग्रामीण क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर पर प्रयोग के तौर पर लगाया जा रहा है। यदि यह पूरी तरह से सफल रहता है तो नगरीय इलाकों के ट्रांसफार्मरों पर लगाय जाएगा। अभी परीक्षण चल रहा है। -**प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता।**

### पॉवर कॉर्पोरेशन के लिए चुनौती ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड होना

पॉवर कॉर्पोरेशन के लिए ट्रांसफार्मर का ओवरलोड होना एक बड़ी चुनौती रहा है। एक ट्रांसफार्मर के ओवरलोड के कारण जलने पर उसे बदलने में लाखों रुपये का खर्च आता है। बार-बार ट्रांसफार्मर बदलने से विभाग को भारी आर्थिक नुकसान होता है। टेलनेस सिस्टम की स्थापना से यह खतरा लगभग समाप्त हो जाएगा, जिससे विभाग को होने वाली आर्थिक हानि में भी कमी आएगी।

# व्यसनों से होती सामाजिक और राष्ट्रीय क्षति: प्रो. हिमांशु शेखर

अयोध्या कार्यालय


व्यसन से मुक्ति की विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन, अयोध्या के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार और व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग अवध विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़े और व्यसनों से दूर रहें। इनसे हमें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और राष्ट्रीय क्षति पहुंचती है। डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन अयोध्या के समन्वयक डॉ. अनुराग तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र छात्राओं को अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर व्यक्ति अपने साथ समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में छात्रा अस्मिता तिवारी ने 'व्यसन मुक्त भारत' पर प्रेजेंटेशन दिया। डॉ. कपिल देव, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ प्रवीण कुमार राय और डॉ. रामजीत सिंह यादव, डॉ. राकेश कुमार ने भी अपने अपने विचार रखे। साथ ही छात्र छात्राओं को भारत व्यसन से मुक्ति पा सके इसकी शपथ भी दिलाई। मंच का संचालन दिया की सदस्या कृशिका ने और धन्यवाद ज्ञापन अश्वनी कुमार ने दिया।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

39.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा सुबह 09 :00 बजे।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रात : 10 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध द्वारा गोद लिए गए टोनिया गांव में महिला जागरूकता कार्यशाला प्रात : 11 :00 बजे से।

# श्रीसीताराम के आगमन पर स्वर्णिम हुआ राम मंदिर का भव्य शिखर

अयोध्या कार्यालय

- 108 कलश में सरयू जल लेकर महिलाएं आज निकालेंगी शोभा यात्रा
- कल से शुरू होगा द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव



राम मंदिर का स्वर्णजड़ित शिखर बनकर तैयार।

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में माता जानकी संग श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के आगमन से पूर्व मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार से शुरू तीन दिवसीय दूसरे प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पूर्व मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित कर दिया गया है। सूर्य की रोशनी में जगमगाता स्वर्ण शिखर इसकी आभा पर चार चांद लगा रहा है।

भूतल से 161 फीट ऊंचा शिखर मंदिर की भव्यता को अलौकिक व अद्भुत स्वरूप प्रदान कर रहा है। मंदिर में भूतल पर भगवान श्रीरामलला विराजमान हैं तो प्रथम तल पर वह मां जानकी व चारों भाइयों व परम भक्त हनुमानजी के साथ विराजमान होंगे। इसमें माता सीता व प्रभु श्रीराम सिंहासन पर विराजमान हैं, भक्त हनुमान व भाई लक्ष्मण प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर बैठे हैं, जबकि भरत व शत्रुघ्न सिंहासन के दोनों दिशाओं में खड़े हैं। पांच जून को विधि पूर्वक वैदिक आचार्य द्वारा राम दरबार समेत अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उत्तर भारत का सबसे अलौकिक व स्वार्णिम मंदिर है। दो जून को कलश यात्रा के द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत होगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे सभी कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो गए हैं, अब मंदिर निर्माण संबंधी सभी उपकरण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

### आज कलश यात्रा के साथ होगी उत्सव की शुरूआत

द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो जून को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। जो लता चौक, नया घाट, छोटी देवकाली, श्रृंगारहाट, भक्ति पथ, दशरथ महल, अमावा मंदिर होते हुए रंग महल मंदिर बैरियर के रास्ते मंदिर परिसर में प्रवेश करेगी। इसमें महिलाएं 108 कलशों में पवित्र सरयू का जल लेकर जन्मभूमि परिसर पहुंचेंगी। तीन जून से पं. दीनदयाल नगर के कर्मकांडी विद्वान पं. जयप्रकाश व बस्ती के आचार्य अमरनाथ के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू होगा। सर्वप्रथम मूर्तियों के निर्माण संबंधित प्रायश्चित पूजा होगी और सभी देव मंदिरों पर 11 वैदिक आचार्यों द्वारा अनुष्ठान शुरू होगा। मंदिर परिसर में बने दो हवन कुंड में वैदिक आचार्य श्रीराम रक्षा स्त्रोत आदि मंत्रों से आहुति डालेंगे। पं. इंद्रदेव ने बताया कि दो जून को सरयू जल से यज्ञशाला शुद्धिकरण के बाद सभी आचार्य अपने अनुष्ठान की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।



**161** फीट ऊंचा है भूतल से मंदिर का शिखर

## एक नजर

### 5 जून को दो बजे तक सभी दर्शन पास रहेंगे निरस्त



**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी सुगम व वीआईपी पास दोपहर 2 बजे तक निरस्त रहेंगे। इस दिन मंदिर में राम दरबार सहित परकोटा के 6 मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के सभी वैदिक आचार्य अयोध्या पहुंच चुके हैं और सभी तैयारियां हो गई है। तीन दिवसीय अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु राम मंदिर दर्शन पूजन कर सकेंगे, लेकिन 5 जून को दर्शन व्यवस्था कुछ देर के लिए प्रतिबंधित रहेगी।

### शांति कमेटी की बैठक संपन्न

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना परिसर में सीओ सदर योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। सीओ सदर ने बताया कि त्यौहार शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच अब्दुल रहमान, सुचित्तागंज चौकी प्रभारी चंद्रहास मिश्रा, ड्योढ़ी बाजार चौकी प्रभारी देवेंद्र नाथ राय आदि मौजूद थे।

# साहबदीन में जीजा की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया साला

**बीएड प्रवेश परीक्षा**

पहली पाली में वैरिफिकेशन के बाद आरोपी हुआ गिरफ्तार | 25 केंद्रों पर 89 फीसदी ने दी परीक्षा, 2504 ने छोड़ी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में प्रथम पाली के दौरान एक मुन्ना भाई पकड़ा गया। वह साहबगंज स्थित साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज में अपने जीजा की जगह परीक्षा दे रहा था। केंद्र अध्यक्ष की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान सचल दल ने शक होने पर दोबारा ऑनलाइन डाटा से एक अभ्यर्थी का वेरिफिकेशन कराया तो पता चला कि परीक्षार्थी मोहन कुमार निवासी गांव सुखमई थाना पिपरा बाजार जिला सुपौल बिहार के स्थान पर आशीष कुमार यादव निवासी उपरोक्त परीक्षा दे रहा है। दोनों जीजा-साले हैं। सूचना पर पुलिस ने आरोपी आशीष को हिरासत में ले लिया।

अवध विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को 25 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई। दो पालियों की परीक्षा में कुल 11699 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1253 व 1251 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों की 89 प्रतिशत उपस्थिति रही। पूरी परीक्षा सीसीटीवी व कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गई।

परीक्षार्थियों का प्रवेश बायोमीट्रिक ऑनलाइन डाटा बेस से वेरिफाई के उपरांत व तलाशी कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। इसके अतिरिक्त केन्द्रों की लाइव रिकार्डिंग भी कंट्रोल रूम से कराई गई। सभी केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से सायं 05 बजे तक हुई।



अवध विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देते अभ्यर्थी। अमृत विचार



अवध विवि में बीएड की प्रवेश परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को चेक करते शिक्षक।

### नोडल अधिकारी व जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव व बीएड नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र, नोडल समन्वयक प्रो फर्रूख जमाल, जनपद समन्वयक प्रो गंगा राम मिश्र, केन्द्र प्रतिनिधि प्रो देवेश निगम व डॉ कमलेश ने अवध विश्वविद्यालय परिसर के चार केन्द्रों व साकेत महाविद्यालय, मनुचा गर्ल्स पीजी कॉलेज, जीआईसी और जीजीआईसी एवं आदर्श इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा भी जनपद के कई केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

> बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को सभी केंद्रों पर सकुशल संपन्न हो गई है। केवल एक केंद्र पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते एक अभ्यर्थी पकड़ा गया है। सभी केंद्रों पर सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। - **प्रो. फरुख जमाल, जोनल समन्वयक, बीएड प्रवेश परीक्षा**

# रुदौली में 6 अस्पताल सील, एडवांस सिटी से सरकारी डॉक्टर भागे

रुदौली,अयोध्या

**अमृत विचार:** सीएमओ डॉ.सुशील कुमार ने रविवार को तहसील क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह नर्सिंग होम को सील कर दिया। इनमें अपंजीकृतों की संख्या अधिक थी। सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इस कार्रवाई के बाद कुछ संचालक अस्पताल बंद कर गायब हो गए।

सीएमओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम सर्वप्रथम सीएचसी रुदौली के बगल स्थित अली हॉस्पिटल पहुंची। यहां डॉक्टर-फार्मासिस्ट सहित स्वास्थ्य कर्मी नदारद थे। एएनएम रजनी सिंह मरीजों को देखते हुए मिलीं। खैरनपुर स्थित रियांश हॉस्पिटल में डेढ़ किलो ग्राम का गंभीर हालत में भर्ती नवजात शिशु मिला, जिसे जिला अस्पताल शिफ्ट कराया। जनता हॉस्पिटल में डॉक्टर के साथ अन्य स्टाफ नदारद मिला। भेलसर स्थिति एडवांस सिटी हॉस्पिटल में बीएमएस डॉ. राम मनोरथ विश्वकर्मा सर्जरी के मरीज का इलाज करते हुए मिले। आरोप है कि इस अस्पताल का संचालन बाराबंकी टिकैतनगर सीएचसी में तैनात डॉ.वाईपी मौर्य करते हैं। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान वह इलाज कर रहे थे, लेकिन पूरी टीम को आता देख वह भाग निकले। मिलेनियम हॉस्पिटल में बीएएमएस डॉ. आर एच अंसारी मिले। ओटी में इस्तेमाल होने वाला सक्सेनिल कोलीन इंजेक्शन एक्सपायर्ड पाया गया। यशोदा हॉस्पिटल सहित कई हॉस्पिटलों में स्थित मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट, डॉक्टर,ओटी टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया डॉक्टर, स्टाफ नर्स, बीएचटी सीट नदारद मिली। उपरोक्त अस्पतालों की ओटी और मेडिकल स्टोरों को सील कर दिया गया। अस्पतालों में मात्र अली हॉस्पिटल ने नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। अन्य सभी हॉस्पिटल अवैध रूप से चलते पाए गए। सीएमओ डॉ सुशील ने बताया स्वास्थ्य विभाग ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी इस तरह की नियमित जांच जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा। टीम में नोडल डॉ संदीप शुक्ला, डॉ राजेश चौधरी, डॉ राममणि शुक्ला, डीपीएम राम प्रकाश पटेल व रुदौली कोतवाल संजय मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।



मिलेनियम अस्पताल में कार्रवाई के बाद बाहर निकलते सीएमओ डॉ. सुशील कुमार व अन्य चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

- सीएमओ की अपंजीकृत नर्सिंग होम पर कार्रवाई से तहसील क्षेत्र में मचा हड़कंप
- नहीं मिले चिकित्सक, फार्मासिस्ट, कार्रवाई देख कई संचालक अस्पताल बंद कर हुए गायब



डॉ. राममणि शुक्ला एक निजी अस्पताल की ओटी सील करते हुए।

### सुनवा के चिकित्सक पर भी होगी कार्रवाई

सीएमओ के निरीक्षण के दौरान मिलेनियम अस्पताल के प्रांगण में अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को खुले में ही खुले आसमान के नीचे जलता हुआ पाया गया। सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। वहीं सीएचसी सुनवा के नेत्र चिकित्सक प्रदीप तिवारी भी अस्पताल के समय में निजी अस्पताल चलाने की जानकारी पर कार्रवाई की बात कही गई है।

# ई-रिक्शा पर चालक का नाम, पता व फोन नंबर लिखना अनिवार्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं व महिला सुरक्षा के लिए अब जिले में चलने वाले ई-रिक्शा व ऑटो वाहनों के स्क्रीन व अंदर चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन के निर्देश पर संभागीय परिवहन अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। वहीं, पहले से विंडो स्क्रीन पर कई नंबर लिखकर थक चुके ई-रिक्शा चालकों के लिए यह आदेश परेशानी का सबब बन रहा है।

प्रदेश सरकार ने ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी और ओला-उबर जैसी कैब सेवाओं पर सख्ती करते हुए एक नया नियम लागू कर दिया है। बीते दिनों राजधानी लखनऊ समेत अन्य जिलों में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र भाषा, छेड़छाड़ और लूट जैसी कई घटनाएं सामने आईं है। बढ़ते अपराधों को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया गया है। एआरटीओ डॉ. राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि आदेश मिलने के बाद अभियान चला नियम का पालन कराया जाएगा। अवमानना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वर्तमान में अयोध्या धाम जोन एक में 2230 व अयोध्या शहर जोन दो में 2790 ई रिक्शा वाहनों की कोडिंग की गई है।




ई रिक्शा वाहन पर पहले से लगे स्टीकर।

- एआरटीओ का आदेश, रिक्शा चालकों में रोष, कहा भर जाएगी आधी विंडो स्क्रीन

### ई रिक्शा वाहन पर पहले से लगे चार-चार स्टीकर

ई रिक्शा वाहन चालक पहले से ही यातायात पुलिस द्वारा जारी फरमान से परेशान हैं। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही वाहनों की कोडिंग कर उन्हें नंबर अलॉट किया गया था। नवंबर 2024 में एक बार फिर दूसरा नंबर दिया गया। इसके बाद दोनों शहरों में चलने वाहनों को जोनवार विभाजित कर उन्हें अपने जोन में ही चलने की अनुमति दी गई। बाद में वाहनों पर रेट लिस्ट लगाना भी अनिवार्य किया गया। रिक्शा चालक महेश, लालू, सुरेश, रामबाबू, सोनू आदि का कहना है कि पहले से ही चार-चार स्टीकर विंडो स्क्रीन पर लगा रखे हैं, ऐसे में पांचवां भी लगाना पड़ा तो फ्रंट विंडो की स्क्रीन आधा भर जाएगी, इससे आगे देखने में भी मुश्किल होगी।

# बगैर जनगणना कराए जाएंगे पंचायत चुनाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव इस बार भी बगैर जनगणना के कराए जाएंगे। परिसीमन में जनगणना की जरूरत पड़ती है।

बता दें कि साल 2011 में जनगणना कराई गई है। इसके बाद अब तक दो बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जा चुके हैं। साल 2015 में पंचायत चुनाव के परिसीमन के लिए आंकड़े उपलब्ध थे, लेकिन साल 2021 के पंचायत चुनाव के लिए मानक आंकड़े बनाए गए। 2021 का चुनाव भी 2011 की जनगणना के आधार पर करीब 10 फीसदी की वृद्धि मानकर कराया गया था। इस बार भी बीते पंचायत चुनाव की तरह कराने की तैयारी है। अगले माह जून से मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू होने के आसार हैं। एक बार फिर स्थिति वैसी ही बन रही है। पंचायत चुनाव के परिसमीन के लिए आंकड़े मौजूद नहीं है। इसलिए कि 2011 के बाद जनगणना नहीं हो पाई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान बताते हैं कि फिलहाल तो मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी है। इसके बाद आयोग के निर्देश के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।



## सार-संक्षेप



डाक बंगले में रविवार को जन समस्याएं सुनते विधायक रामचंद्र यादव।

### विधायक ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

**शुजागंज, अमृत विचार :** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को डाक बंगले पर जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं ।अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। दूर-दराज से आए लोगों ने विधायक से अपनी समस्याएं बताई। विधायक ने अफसरों से कहा कि जनता की समस्याओं में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### पूरा बाजार चौकी प्रभारी निलंबित, हटाए गए एसओ इनायतनगर

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पूरा बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शिव सागर चौधरी को विवेचनाओं में लापरवाही व दायित्वों का सही से निर्वहन न करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। वहीं, थाना प्रभारी इनायतनगर देवेंद्र पांडेय का स्थानांतरण क्राइम ब्रांच में कर दिया है। उनकी जगह एंटी थेफ्ट सेल में तैनात निरीक्षक रतन कुमार शर्मा को थाना प्रभारी बनाया है।

### सरयू में डूब रहे बच्चे को जल पुलिस ने बचाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या धाम स्थित सरयू तट पर रविवार सुबह लगभग 08 :30 बजे स्नान के दौरान आठ वर्षीय एक बच्चा गहरे पानी में चला गया व डूबने लगा। यह देख मौके पर तैनात जल पुलिस ने रेसक्यू कर उसे सकुशल बचा लिया। गर्मियों के चलते इस समय सरयू के जलस्तार में वृद्धि हो रही है। रविवार की सुबह नदी में नहाते समय रघुनंदन कुमार (8) पुत्र शैलेंद्र कुमार निवासी होरीलगंज जहानाबाद बिहार बैरिकेडिंग के पास गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। यह देख मौके पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, आरक्षी नित्यानन्द यादव, छात्रधारी यादव समेत स्थानीय नाविक कमलेश माझी, सुमित माझी द्वारा रेसक्यू शुरू किया गया।

### इमरजेंसी ओपीडी में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

अयोध्या, अमृत विचार : कुमारगंज स्थित सौ शैय्या चिकित्सालय से पेट दर्द की शिकायत पर रेफर हुई महिला ने जिला पुरुष अस्पताल में स्ट्रेचर पर इलाज के दौरान एक बच्चे को जन्म दिया है। मामला रात 11 :30 का बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि आनन-फानन में नर्स को बुलाकर महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशाराम ने बताया कि महिला को पीएनसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। बच्चा प्री मेच्योर था उसका 450 ग्राम था। उसे रेफर कर दिया गया। बीएसटी पर दिए गए नंबर पर परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चे की मौत हो गई।

**जीर्णोद्धार** | 16 .83 करोड़ की लागत से सोविनियर शॉप समेत होंगे पर्यटन के ढेरों कार्य, पर्यटन विभाग करा रहा कार्य, 77 फीसदी हुआ पूरा

# दो माह बाद साकेत सदन का पूरी तरह से हो जाएगा कायाकल्प

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। भगवान श्रीराम की नगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से एक है 14 कोसी परिक्रमा पथ के किनारे स्थित ऐतिहासिक अफीम कोठी का विकास। इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और दो माह बाद पर्यटक यहां झूमते नजर आएंगे। हालांकि अब इस स्थल को साकेत सदन का नाम दिया गया है। 16.83 करोड़ रुपये की लागत से इस स्थल को आधुनिक सुविधाओं से लैस पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित इस परियोजना में अब तक 77 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। साकेत सदन (अफीम कोठी) को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए सोविनियर शॉप, टिकट काउंटर, केयर टेकर रूम, पाथवे और पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यह स्थल न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि पर्यटकों को अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराएगा। पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा कर पर्यटकों के लिए नया अनुभव प्रदान किया जाए।

14 कोसी परिक्रमा पथ पर स्थित साकेत सदन (अफीम कोठी) का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह स्थल अयोध्या के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जो तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। योगी सरकार की ओर से इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्णय न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि यह अयोध्या की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा।



तेजी से चल रहा साकेत सदन के कायाकल्प का कार्य।

- टिकट काउंटर, केयर टेकर रूम व पाथ वे पार्किंग की भी रहेगी सुविधा

### स्थानीय व छोटे व्यवसायी को मिलेगा लाभ

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही शहर में सड़कों, घाटों, और अन्य पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। साकेत सदन (अफीम कोठी) जैसी परियोजनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सरकार का मानना है कि इन प्रयासों से अयोध्या न केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन के लिए भी वैश्विक स्तर पर पहचाना जाएगा। साकेत सदन (अफीम कोठी) के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सोविनियर शॉप और अन्य सुविधाओं के संचालन से छोटे व्यवसायियों को लाभ होगा।

# सीएचसी में मरीजों को उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधाएं : रविंद्र कुमार

## नोडल अधिकारी पे सीएचसी के ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, आयुष्मान कक्ष का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद के नोडल अधिकारी विशेष सचिव कृषि रविंद्र कुमार प्रथम ने आकांक्षात्मक विकासखंड भियांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, आयुष्मान कक्ष आदि का निरीक्षण किया।

नोडल अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित मरीज से चिकित्सालय में उपलब्ध दवा और जांच आदि व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई। जिस पर मरीजों द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में दवाएं और जांच सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत भवन सेमरा में पंचायत सहायक कक्ष और सभागार आदि का अवलोकन किया। उन्होंने सभागार एवं पंचायत सहायक के कार्यों की सराहना किया। विशेष सचवि ने ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ के निस्तारण की स्थिति की जानकारी और आरआरसी सेंटर का अवलोकन किया। आरआरसी सेंटर में कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बेहतर पाई गई। वहां पर स्थित नोफेड का अवलोकन किया गया और विशेषज्ञों से समन्वय कर बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ वहां पर बने अमृत सरोवर का भी जायजा लिया गया। नोडल अधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में पीपल का पौधा लगाया गया। साथ ही साथ समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।


सीएचसी का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी विशेष सचिव कृषि रविंद्र कुमार प्रथम व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

### जन चौपाल में ग्रामीणी से ली योजनाओं की जानकारी

प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत सेमरा में आयोजित जन चौपाल में नोडल अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा जन चौपाल में उपस्थित लाभार्थियों से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सकारात्मक उत्तर दिया गया। नोडल अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना से छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन करते हुए योजना का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी व साथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी और डॉक्टर उपस्थित रहे।

# पात्रों को दें पेंशन योजना का लाभ : दिव्य प्रकाश गिरि

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** नोडल अधिकारी विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति दिव्य प्रकाश गिरी ने आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा के ग्राम पंचायत बड्डूपुर राजस्व ग्राम भीटी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं की लंबाई और वजन मापने के लिए क्रियाशील उपकरणों, बाल सुलभ पेयजल और बाल मैत्रिक शौचालय की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, आशा संगिनी और सुपरवाइजर की तैनाती की स्थिति का सत्यापन किया।

नोडल अधिकारी को सत्यापन में मिला कि आंगनबाड़ी केंद्र पर मैत्रिक शौचालय अभी तक नहीं बना है, वाकी सुविधाएं प्राप्त हैं। स्वास्थ्य संबंधी सभी सेवाएं वहां के लाभार्थियों को प्राप्त हो रही हैं। एएनएम और आंगनवाड़ी में समन्वय बनाकर जो भी होम विजिट किया जाता है उसमें कोई समस्या प्राप्त होती है तो उसका फॉलो अप किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल के कैंपस में ही निर्मित है। स्कूल में लर्निंग लैब 2024-25 में विकसित की गई है। स्कूल में स्मार्ट क्लास की सुविधाएं संचालित पाई गई। विशेष सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए, पेंशन योजना से सभी पात्र लोगों को आच्छादित किया जाए। किसी भी स्तर पर आवेदनों को लंबित न रखा जाए।

## एक नजर

### शबीना रिजवी की स्मृति में मजलिस का आयोजन कल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बड़ा इमामबाड़ा राजा साहब मीरानपुर में इंजीनियर फिरोज वसी रिजवी जौनपुरी, असद वसी एवं सरमद वसी की तरफ से मरहूमा मरगूब फातिमा शबीना रिजवी के पुण्य के लिए आयोजित मजलिस को मौलाना मुशीर अब्बास खान सुल्तानपुरी मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी असजद वसी रिजवी ने दी है।

### युवक को पुल से नदी में फेंका ग्रामीणों ने बचाई जान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर में प्रेम प्रसंग को लेकर बिड़हर घाट पुल पर दो युवकों ने प्रदीप सिंह को नदी में फेंक दिया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से युवक की जान बच गई। घायल प्रदीप को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ढाबा संचालक से रंगदारी, दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** विजयगांव बाईपास स्थित ढाबे से रंगदारी मांगने के आरोप में दो युवकों शहंशाह घोषी और कक्कू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 30 को ढाबा संचालक आलोक रंजन त्रिपाठी से एक लाख की मांग की गई थी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

### प्रधान को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़ :** निजामाबाद थाना की पुलिस ने रानीपुर के ग्राम प्रधान प्रकाश यादव को गोली मारने वाले आरोपी पप्पू यादव व दुबई यादव आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय चालान कर दिया है। जबकि अन्य आरोपी अभी फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी लिए प्रयास कर रही है।

# 2,222 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड परीक्षा

## बीएड प्रवेश परीक्षा की पहली पाली में 1112 व दूसरी पाली में 1110 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित


बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।


निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षक से जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद के निर्धारित 27 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 हजार 590 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से दोनों पालियों में कुल 2 हजार 222 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। प्रथम पाली में 11 हजार 478 परीक्षार्थी उपस्थित और 1 हजार 112 अनुपस्थित और द्वितीय पाली में 11 हजार 480 परीक्षार्थी उपस्थित और 1 हजार 110 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली पूर्वाह्न 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई।

बता दें कि परीक्षा को सकुशल और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत 15 सेक्टर और 27 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ ही प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। बीएड प्रवेश परीक्षा में लगाए गए सभी अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न कराई गई। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के कक्षों का भ्रमण किया और कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे से की जा रही मॉनिटरिंग को भी देखा। सभी केंद्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा संचालित पाई गई। जिलाधिकारी ने राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावान, शास्त्री औद्योगिक इंटर कॉलेज रुकूमपुर कासिमपुर सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी कैमरे से की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। बीएड प्रेवश परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई है।

### केंद्रों पर समूह की महिलाओं ने लगाए फूड स्टॉल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिला प्रशासन की पहल पर बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर 24 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा फूड स्टॉल और फल की अस्थाई दुकान लगाई गई। तीन सेंटर पर पास-पास दो परीक्षा केंद्र थे, जहां पर एक ही स्वयं सहायता समूह ने सेवाएं उपलब्ध कराई। समूह की महिलाओं द्वारा संचालित फूड स्टॉल्स से न केवल स्वादिष्ट और पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई है, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम उठाने का अवसर भी मिला है। इन स्टॉल्स के माध्यम से महिलाओं को लगभग 500 से 1200 रुपए तक की आय अर्जित हुई है, जो उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगी। जिलाधिकारी की पहल पर मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में अनिल कुमार सिंह परियोजना निदेशक प्रभारी उपयुक्त स्वत : रोजगार द्वारा जिला मिशन प्रबंधक और ब्लॉक मिशन प्रबंधक के माध्यम से क्रियान्वित कराया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। इस शुरुआत से यह स्पष्ट होता है कि यदि महिलाओं को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले, तो वह आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर सकती हैं। यह सफलता अन्य महिलाओं के लिए निश्चित ही प्रेरणा का स्रोत बनेगी।


अकबरपुर नगर स्थित बीएन इंटर कॉलेज और बीएन पीजी कॉलेज पर समूह की महिलाओं द्वारा लगाया गया फूड स्टॉल।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

**अमृत विचार :** परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली पूर्वाह्न 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी केंद्रों पर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, रिकॉर्ड आदि स्थापित कर ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था।

# जल्द पूरा करें भूमि अधिग्रहण : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** डीएम अनुपम शुक्ला ने एनएच 135 ए के जौनपुर अकबरपुर के खंड किमी 139-184.2 पैकेज के फोरलेन चौड़ीकरण और बाईपास निर्माण से प्रभावित किसानों से भूमि अर्जन के कार्यों की प्रगति का जायला लिया। डीएम ने तहसील अकबरपुर और तहसील जलालपुर में भूमि अर्जन के लिए विभिन्न ग्रामों में लगाए गए शिविरों का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने तहसील अकबरपुर के ग्राम पंचायत इस्माइलपुर, सिंझौली, लोरपुर ताजन और चंदनपुर तथा तहसील जलालपुर के ग्राम पंचायत ताहापुर, मंसूरपुर, रुकूनपुर एवं टिकमनपुर आदि ग्राम पंचायतों में शिविर में चल रहे भूस्वामियों से भूमि अर्जन के कार्यों के प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया कि संबंधित लेखपाल, नायब तहसीलदार और अन्य कार्मिकों को लगाकर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और प्रभावित भूस्वामियों से समन्वय स्थापित करते हुए भूस्वामियों की सहमत से उन्हें बेहतर और सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए भूमि अर्जन के कार्यों को तीव्रगति से किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर उपस्थित भू-स्वामियों से बात भी की । एनएच-135 ए के उक्त कार्य से तहसील जलालपुर के 11 गांव तथा तहसील अकबरपुर के 15 गांव प्रभावित हैं। तहसील जलालपुर और तहसील अकबरपुर में भूमि अधिग्रहण का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

## सार-संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी की भूमि पर हुए कब्जे पर चला बुलडोजर


अवैध निमार्ण को ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में भारी पुलिस बल के साथ पीडब्ल्यूडी की भूमि पर हुए अवैध कब्जे पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे को ध्वस्त किया। बता दें कि रेखा सिंह पत्नी स्वर्गीय अरविंद सिंह टाटा की भूमि के सामने से राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी तथा पुलिस टीम और पीएसी की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटवाया। इस दौरान जहांगीरगंज के मामपुर में कई थानों की भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए थे। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग अश्वनी कुमार के आदेश पर हरकत में आया प्रशासन अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जिसमें राधेश्याम यादव, रामफेर यादव व शशिकांत दूबे चपेट में आए। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए एसडीएम आलापुर सुभाष सिंह, नायब तहसीलदार हुबलाल, राजस्व निरीक्षक दिनेश तिवारी, क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेन्द्र वर्मा, क्षेत्राधिकारी आलापुर राम बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर विजय प्रताप तिवारी, थानाध्यक्ष जहांगीरगंज अजय कुमार यादव, थानाध्यक्ष आलापुर राकेश कुमार, थानाध्यक्ष जैतपुर वन्दना अग्रहरि, पीडब्ल्यूडी के एई दिलीप वर्मा, जेई व्यास जी और पीएसी के जवान तैनात किए गए थे।

### बकरीद को लेकर चेयरमैन ने की बैठक, दिए निर्देश

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आगामी बकरीद पर्व को सकुशल और स्वच्छता के साथ संपन्न कराने को लेकर नगर पालिका परिषद में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद टांडा की चेयरमैन शबाना नाज़ ने की। बैठक में नगर के सभी प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी और सभासद उपस्थित रहे। चेयरमैन शबाना नाज ने बैठक में साफ-सपफाई के निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान बिजली, पानी, सफाई, नालियों की निकासी और कुर्बानी से निकलने वाले अवशेषों के निस्तारण की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर में किसी भी स्थान पर गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। चेयरमैन ने अंत में स्पष्ट कहा कि तीन दिनों तक नगर में सफाई व्यवस्था, बिजली, पानी और लाइटों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से सभासद जुल्फेकार लल्लू, अमितचंद, अशीष कुमार, दशरथ मांझी, घिसियावन मौर्या, शकील अहमद, राकेश गुप्ता, टीएस शमशाद जुबैर, आरआई राकेश कुमार गौरव, जलकल विभाग से जेई सलमान खान, निर्माण विभाग के जेई रामबाबू गुप्ता, लिपिक इंशात पांडेय, जलील अहमद, अरशद जमाल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के उसरहा गांव में घर का पंखा ठीक करते समय एक युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि उसरहा गांव निवासी संदीप प्रजापति पुत्र बनवारी लाल 25 वर्ष अपने घर में पंखा ठीक कर रहा था। इसी बीच पंखे में अचानक विद्युत करंट प्रवाहित हो गया। जिससे युवक मौके पर बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक संदीप दो भाई और एक बहन हैं। मृतक सबसे छोटा था। जवान बेटे की मौत से परिजनों समेत गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।


संदीप प्रजापति।

### ई-ऑफिस प्रणाली में जनपद प्रदेश में रहा अव्वल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद ने ई-ऑपिुस प्रणाली के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जनपद ने 9 हजार 773 फाइलों को ऑनलाइन मूव कर यह उपलब्धि हासिल की है। बता दें कि जनपद में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत एक वर्ष पूर्व की गई थी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी कार्यालय को इस प्रणाली से जोड़ा गया। इसके बाद अन्य विभागों को डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट डीएससी के लिए आवेदन करने को कहा गया। पिछले छह माह से डीएम व सीडीओ स्तर पर नियमित निगरानी की जा रही है। जनपद के 56 विभागों से 270 डीएससी आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 264 डीएससी जारी किए गए। साथ ही सात मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई। इन ट्रेनर्स ने विभागवार प्रशिक्षण प्रदान किया। बीते 27 मई को शासन स्तर पर हुई समीक्षा में जनपद को यह सफलता मिली। अब विभागों को अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए नियमित रूप से फाइलों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़कजाम कर प्रदर्शन करने पर मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर, जहांगीरगंज, अमृत विचार :** रामनगर बाजार में युवक शुभम यादव की मौत के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। शुभम को 22-23 मई को चाचा की बेटी कीशादी समारोह में कुछ लोगों ने पीटा था, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान 31 मई को उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार से पहले परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम किया। मौके पर तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार और क्षेत्राधिकारी रामबहादुर सिंह के साथ छह थानों की पुलिस पहुंची। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने लापरवाही की। पुलिस का कहना है कि पहले कोई शिकायत नहीं मिली थी। अब तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक की तहरीर पर सड़क जाम करने के मामले में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


### जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में नहीं पहुंचे डॉक्टर, मरीज परेशान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक की ग्रामसभा मकरही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को होने वाले इस मेले में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि स्वास्थ्य केंद्र में तीन विभाग हैं, एलोपैथी, आयुर्वेद और होमियोपैथी। एलोपैथी विभाग में डॉक्टर राशिद और डॉक्टर चंद्रदेव को बारी-बारी से आना था। लेकिन दोनों में से कोई भी नहीं पहुंचा। केवल फार्मासिस्ट राजमंगल वर्मा, लैब टेक्नीशियन रामलगन विश्वकर्मा और चौकीदार कौशर अली ही मौजूद थे। वहीं आयुर्वेद विभाग से डॉक्टर शशिलेष, फार्मासिस्ट लालमणि विश्वकर्मा, वार्ड बॉय सूर्य प्रकाश उपाध्याय और स्वीपर रामचेत भी अनुपस्थित रहे। होमियोपैथी विभाग के डॉक्टर रामकृष्ण सहाय, फार्मासिस्ट अंबुकेश्वर सिंह और वार्ड बॉय शिवकुमार भी मेले में अनुपस्थित रहे। डॉक्टरों की अनुपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं।

# कुलपति ने किया बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**आजमगढ़, अमृत विचार :** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त बी.एड. प्रवेश-परीक्षा -2025 -27 के तहत महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के विभिन्न केंदों का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने औचक स्थलीय निरीक्षण किया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 आज सुबह 9 बजे से विभिन्न केदो पर परीक्षा शुरू हुई जिसमें सभी केंद्र पर दो-दो पर्यवेक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र अध्यक्षों की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से चल रही थी है। इसी बीच कुलपति स्वयं स्थलीय निरीक्षण हेतु निकल पड़े उन्होंने कई विद्यालयों का निरीक्षण किया जिसमें मुख्य रूप से श्री दुर्गा जी पीजी कॉलेज चंदेश्वर आजमगढ़, अग्रसेन महिला महाविद्यालय आजमगढ़, जीजीआईसी, एवं डीएवी पीजी कॉलेज आजमगढ़ के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डा. प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टिया कुलपति परीक्षा कि सुचित्ता और व्यवस्था से संतुष्ट दिखे ,जहां कुछ कमियां अच्छी दिखाई दी वहां उचित दिशा निर्देश जारी कर अपने गंतव्य की तरफ चले गए। औचक निरीक्षण के दौरान सहायक विपिन शर्मा, मुलायम, धर्मेंद्र आदि की भी उपस्थिति रही।


परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते कुलपति प्रो संजीव कुमार। अमृत विचार

# सौर ऊर्जा व यात्री सुविधाएं उन्नयन पर बैठक

**आजमगढ़, अमृत विचार:** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर सौर ऊर्जा समाधान और यात्री सुविधाओं के उन्नयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली स्थित सड़क, परिवहन और राजमार्ग मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन और राजमार्ग दिल्ली सरकार और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सौर पैनलों की स्थापना, संभावित ऊर्जा उत्पादन, राजस्व मॉडल, और क्रियान्वयन रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही, एक्सप्रेसवे के किनारे पार्किंग व्यवस्था को मजबूत करने, हरित पट्टियां विकसित करने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के मुद्दों पर भी विचार किया गया। बैठक में एआरएस टेक्नोक्रेट्स लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया सौर ऊर्जा समाधान का राजस्व मॉडल प्रस्तुत किया गया। एआरएस की ओर से निदेशक उसामा हक और महाप्रबंधक अनुज पांडे ने यह प्रस्तुति दी। एआरएस के संस्थापक इंजीनियर सुनील कुमार यादव ने इस परियोजना में मार्गदर्शन और समग्र रणनीतिक दिशा प्रदान की। एआरएस की टीम ने तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ वित्तीय व्यवहार्यता, रखरखाव प्रबंधन और संभावित राजस्व धाराओं पर भी प्रकाश डाला। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने एआरएस द्वारा प्रस्तुत मॉडल को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा और इसे एक संभावित समाधान के रूप में सराहा।


बैठक में भाग लेते एआरएस के संस्थापक इंजीनियर सुनील कुमार यादव )

**लापरवाही** — नगर पालिका परिषद जलालपुर ने जिलाधिकारी के आदेशों को किया दर किनार, तमसा नदी के किनारे अवैध निर्माण कर बनाएं गए दर्जनों घर

# तमसा नदी के 100 मी के दायरे में आ रहे मकानों की अब तक नहीं हुई गणना

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर पालिका परिषद द्वारा तमसा नदी के 100 मीटर के दायरे में आ रहे मकानों की गणना कर जिला मुख्यालय को देने में नाकाम रहा। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद भी नगर पालिका ने जिलाधिकारी के आदेशों को दर किनार करते हुए मकान की गणना नहीं कराई गई है। जिसके चलते दिन प्रतिदिन नए मकान का निर्माण होता जा रहा है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को एक मकान के हो रहे निर्माण कार्य को तहसील प्रशासन ने पहुंचकर कार्य को ठप करवा दिया।

बता दें कि पांच मई 2022 में तमसा नदी की भूमि पर हुए अवैध कब्जे और निर्माण के चिह्नांकन का कार्य किया गया था। तहसील प्रशासन ने चिह्नांकन कार्य के लिए पहले ही टीम का गठन कर युद्ध स्तर पर पैमाईश कराई। तहसीलदार जलालपुर के नेतृत्व में टीम नदी की बीच धारा से 100-100 मीटर के दायरे में आने वाले मकान के निर्माण को चिह्नित करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार करके दे दिया।

इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश है। इसके बाद तहसील प्रशासन अपनी इस रिपोर्ट को जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को प्रेषित कर दिया था और नगर पालिका परिषद को मकान की गणना करने का निर्देश दिया था, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नगरपालिका प्रशासन द्वारा मकानों की गणना नहीं करवा सकी। जिसके चलते तमसा के किनारे अवैध निर्माण कार्य निरंतर चलते रहे और देखते ही देखे कई दर्जनों मकान रातों-रात खड़े हो गए। जिसमें नगर पालिका के कर्मचारी की मिली भगत का भी मामला जोर-जोर से उठाया गया था।


उस्मापुर रूहाबाद में तमसा नदी के 100 मीटर के दायरे में हो रहा है अवैध निर्माण।

### नपा की शिथिलता शासन के मंसूबे पर फेर रहा है पानी

शासन द्वारा निर्देश है कि सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को चिह्नित कर उसे त्वरित हटाया जाए। इसी क्रम में जनपद में प्रशासन ने नदियों की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने की भी पहल प्राथमिकता के साथ शुरू कर रखी थी। लेकिन नगर पालिका परिषद जलालपुर द्वारा कार्य में शिथिलता के चलते शासन के मंसूबे पर पानी फेर दिया। इन सबके बावजूद भी नदी के किनारे हो रहे निर्माण की शिकायत पर बीते मंगलवार देर रात तहसील प्रशासन और लेखपाल मौके पर पहुंचे और हो रहे भवन निर्माण को रुकवा दिया। सवाल उठता है कि जब तमसा नदी के किनारे कोई भवन निर्माण नहीं कर सकता है, आखिरकार फिर नदी के किनारे भवन का निर्माण कैसे हो रहा है। जिसमें नगर पालिका की संलिप्तता मानी जा रही है।

**जिम्मेदार अधिकारी बोले :** इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी बताने में असमर्थता जाहिर की।

# एल्गिन-चरसड़ी बांध को सुरक्षित करने में जुटा सिंचाई विभाग

## बहुवन मदार मांझा के पास सवा तीन करोड़ की तीन परियोजनाओं पर चल रहा कार्य

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : करनैलगंज तहसील क्षेत्र के घाघरा नदी पर बने तटबंध को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए करीब सवा तीन करोड़ की तीन परियोजनाओं के माध्यम से बांध को सुरक्षित करने की कवायद चल रही है।

जून के अंतिम सप्ताह से घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने के आसार बन रहे हैं। एक तरफ मानसून की बारिश होगी तो दूसरी तरफ पहाड़ी नालों के सैलाब से घाघरा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना है। एल्गिन चरसड़ी बांध में ग्राम बहुवन मदार मांझा के पास पिछले वर्ष कटान रोकने के लिए की गई जद्दोजहद से इस वर्ष छुटकारा पाने की कवायद समय से शुरू हो गई थी। पिछले वर्ष घाघरा नदी जब अंतिम समय पर पूरे उफान पर थी तब कटान करते हुए बांध के नजदीक आ गई थी। चार दिनों तक जद्दोजहद चला, सैकड़ों पेड़, बंबू कैरेट, पत्थर, बोल्डर डालकर कटान रोका जा रहा था मगर स्थिति बेकाबू हो रही थी। गनीमत यह रही कि नदी में पानी घटने लगा तो कटान रोकने में बाढ़ खंड के अधिकारियों को सफलता मिल गई थी। उस स्थिति से बचने के लिए इस वर्ष उस स्थान पर बांध को पक्का बनाने के साथ ही करीब सवा तीन करोड़ रुपये से बहुवन मदार मांझा के पास तीन स्परों का एक साथ निर्माण कराया गया है। स्पर के नोज को बोल्डर पीचिंग कर मजबूत कराया जा रहा है। जहां-जहां बांध से नदी के टकराने का खतरा है वहां भी कार्य चल रहा है।



बहुवन मदार मांझा के पास स्पर के नोज को बोल्डर पीचिंग से मजबूत करते मजदूर। अमृत विचार

### ये गांव होते हैं बाढ़ से प्रभावित

करनैलगंज तहसील क्षेत्र के उत्तरी क्षेत्र में बहने वाली घाघरा नदी विगत वर्षों में कहर बरपाती रही है, जिससे चंदपुर किटौली, बहुवन मदार मांझा, नकहरा, नैपुरा, बांसगांव, नौउनपुरवा सहित करीब दो दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। नदी की कटान के जद में आती लहलहाती फसलों को भी नुकसान होता है।

तीन प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। जिनमें तीन स्पर का निर्माण कराकर नोज को बोल्डर लगाकर लांचिंग बनाया जा रहा है। बाकी बांध की मरम्मत, बोल्डर पीचिंग, रेट होल, रेन कट्स भरने का काम हो रहा है। घाघरा में बाढ़ आने के पूर्व यह कार्य पूरा किया जाना है। लगातार कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है।

–जय सिंह, एक्सईएन, सिंचाई विभाग

विभाग की ओर से होने वाले सभी कार्य तेजी से चल रहे हैं। बरसात व बाढ़ शुरू होने के पहले विभाग अपने कार्य को पूरा कर लेगा। लगभग कार्य पूरा हो चुका है और बांध पूरी तरह से सुरक्षित है। बहुवन मदार मांझा के पास बांध को मजबूत बनाया जा रहा है। तीन स्पर पर बोल्डर पिचिंग का काम तेजी से हो रहा है।

–पंकज आर्य, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

### चरसड़ी तटबंध का निर्माण

परसपुर के चरसडी गांव से रेलवे के एल्गिन ब्रिज तक 52.400 किमी. लंबे इस तटबंध का निर्माण वर्ष 2006-07 में कराया गया था। इस पर 1458.24 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। तटबंध बनने से गोंडा, बाराबंकी व बहराइच की 94 ग्राम पंचायतें व 19217.80 हेक्टेयर भूमि सुरक्षित हुई हुई थी।

### कब-कब टूटा बांध

घाघरा नदी के थपेड़े को तटबंध ज्यादा नहीं सह पाया और बनने के तीन साल बाद ही 28 अगस्त 2010 को यह बाराबंकी के परसावल गांव के पास टूट गया। बाराबंकी के ही रायपुर गांव के पास 30 जुलाई 2011 को बांध दोबारा टूट गया। नौ अगस्त 2016 को तटबंध रायपुर से मात्र कुछ ही दूरी पर गोंडा के नकहरा गांव के पास तीसरी बार टूट गया। बार-बार तटबंध टूटने से गोंडा व बाराबंकी के दर्जनों गांवों में तबाही हुई। चरसड़ी तटबंध पर अभी भी रायपुर मांझा, परसावल, नकहरा व चंदापुर किटौली गांव के पास लोग झोपड़ी में दिन काट रहे हैं।

## एक नजर

### पड़ोसी से परेशान महिला पहुंची एसपी दरबार

**करनैलगंज** : ग्राम प्रतापपुर निवासी महिला रेखा सिंह ने पुलिस अधीक्षक के साथ ही कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि 27 मई को उनके घर के बगल में रहने वाले लोगों ने उसे लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। घर के दरवाजे पर बने शौचालय में ताला लगा दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गांव छोड़कर भाग जाने को कह रहे हैं। वह घर में अकेली रहती है इसका पति रोजी रोटी के लिए बाहर रहकर मजदूरी करता है। महिला का कहना है कि चचरी चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तब उसने एसपी से मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाल श्रीधर पाठक का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शौच के लिए निकला मजदूर लापता

**करनैलगंज** : शौच के लिए निकला मजदूर घर वापस नहीं आया। मामले में गुमशुदगी दर्ज कराने की तहरीर दी गई है। मामला थाना करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सिकरी का है। यहाँ के निवासी अमरनाथ सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उनके यहां एक मजदूर जिसका नाम नबी अहमद 40 वर्ष करीब पच्चीस सालों से रहकर काम करता था जो बीते 28 मई को रात्रि में शौच के लिये गया था लेकिन वह पुन: वापस नहीं आया। उसकी काफी तलाश को मगर नहीं पता चला। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दिया है।

### स्वास्थ्य मेले में 2401 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर** । रविवार को जनपद बलरामपुर के इक्कतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2401 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 1053 पुरुष, 803 महिलाएं तथा 545 बच्चे शामिल हैं।

### छत के कुंडे से लटकता मिला किशोरी का शव

**पचपेड़वा, बलरामपुर** । ग्राम मजगवा खुर्द में 16 वर्षीय कुमकुम पुत्री गुरु प्रसाद का शव घर के दूसरे मंजिल के कमरे में छत के कुंडे में लटकता पाया गया। घटना रविवार सुबह लगभग 10 :00 बजे की है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पिता गुरु प्रसाद की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया तो पाया गया कि उसका शव एक कमरे में लटक रहा था। मृतका के पिता ने बताया कि वह सुबह घर से पचपेड़वा आया था। परिजनों द्वारा सूचना मिली की उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 577 परीक्षार्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

**बलरामपुर** । रविवार को एमएलके महाविद्यालय में आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कला और वाणिज्य संकाय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया था। जहां दो पालियों में परीक्षा कराई गई। 622 में से 577 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. जेपी पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कला संकाय में 362 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 22 ने अनुपस्थिति थे। वहीं वाणिज्य संकाय में 215 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 23 परीक्षा में शामिल नहीं हो सके।

### आग से गृहस्थी जली

**उमरी बेगमगंज** : रविवार को आदमपुर ग्राम पंचायत में आग लगने से राम केवल की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। दोपहर में राम केवल की पत्नी व बहू खाना बना रही थी, इसी बीच चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे घर को आगोश में ले लिया। पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। महिलाओं ने सामान निकालने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। पूरे गृहस्थी और फूस का आशियाना जल जाने से परिवार घर से बेघर हो गया है। राजस्व निरीक्षक अवधेश दुबे ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देने की बात कही।

### संवेदनशील समाज की नींव है सहयोग : डॉ. चौरसिया

**बलरामपुर** । सदर ब्लॉक के कलवारी गांव में रविवार को आयोजित चौरसिया महासंघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने परिवार और समाज में संतुलन, सहयोग और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने पर जोर दिया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बीआर चौरसिया ने कहा कि परिवार भी एक नाव की तरह होता है जिसे पार लगाने के लिए सभी का संतुलन में होना आवश्यक है। जब सभी सदस्य जिम्मेदारी और समझदारी से साथ निभाते हैं तभी जीवन की दिशा सही रहती है।

# हर ब्लॉक में तैनात होंगी 'उद्यम सखी'

**बलरामपुर, अमृत विचार**। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में महिला स्वयं सहायता समूहों को गैर-कृषि क्षेत्र (नान फार्म) में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित सहयोग मिल सके इसके लिए जल्द ही सूक्ष्म उद्यम सखियों की तैनाती की जाएगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हर ब्लॉक में चार-चार उद्यम सखी चुनी जाएंगी। इस संबंध में संयुक्त मिशन निदेशक प्रदीप कुमार ने चयन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला मिशन प्रबंधक अखिलेश कुमार मौर्य ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 2013 से महिलाओं के समूह गठित किए जा रहे हैं। इन समूहों की सदस्याएं नान फार्म क्षेत्र में छोटे-छोटे उद्यम शुरू कर रही हैं। लेकिन उन्हें कोई प्रशिक्षित मार्गदर्शक नहीं मिला है। इस कमी को दूर करने के लिए एनुअल एक्शन प्लान 2022-23 में उद्यम सखी कैडर की परिकल्पना की गई।

# शॉर्ट सर्किट से उड़ती चिंगारियां हर पल मंडरा रहा हादसे का खतरा

**करनैलगंज, अमृत विचार** : नगर के अतिसंवेदनशील और सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके चौक घंटाघर पर लगा एक विद्युत पोल लोगों के लिए जान का खतरा बना हुआ है। इस पोल पर लटकते हुए जर्जर तारों का मकड़जाल बिजली विभाग की लापरवाही और उदासीनता की तस्वीर पेश कर रहा है। शार्ट सर्किट से चिंगारियां उड़ती हैं, तार टूटकर गिरते हैं, आग लगने की घटनाएं आम हो गई हैं—लेकिन विभागीय अमला कान में तेल डालकर बैठा है। आदि शक्ति माता भवानी मंदिर के ठीक बगल में स्थित यह पोल हर समय खतरे का संकेत देता रहता है। सुबह-शाम मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु आरती में शामिल होते हैं। वहीं, सिर पर लटकते ढीले व टूटे तार लोगों को डरा रहे हैं। पिछले कई महीनों से यहां कभी तार टूटने की तो कभी शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हद तो तब हो जाती है जब टूटे तारों को विभाग के कर्मचारी पुराने और जर्जर तारों से जोड़कर आपूर्ति बहाल कर देते हैं। नई तारें डालना तो दूर, मौजूदा खतरनाक स्थिति को ही नजरअंदाज कर दिया जाता है। लोगों की जान के साथ इस तरह का खिलवाड़ बिजली विभाग की गंभीर गैरजिम्मेदारी को दर्शाता है।



विद्युत तार में उलझा विद्युत पोल।

नगर में जर्जर तार और पोल बदलने का कार्य हाल ही में हुआ था। जिन जगहों पर कार्य नहीं हुआ है वहां टीम भेज कर निरीक्षण कराया जाएगा, जल्द ही समस्या का समस्या का समाधान कराया जाएगा।

–आकाश श्रीवास्तव, उपखंड अधिकारी, करनैलगंज

### सौंदर्यीकरण पर भी लगा ब्रेक

मंदिर के व्यवस्थापक सरदार जोगिंदर सिंह जानी ने बताया कि इस पोल के कारण मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण रुक गया है। हर समय चिंगारी गिरने और आग लगने का डर बना रहता है। वर्षों से पोल हटवाने की मांग हो रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस पोल को स्थानांतरित नहीं किया गया और नए तार नहीं लगाए गए, तो वे जनआंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार**। स्कॉर्पियो चालक ने अपने घर के बाहर खड़ी महिला को कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा किशुन दास पुर मार्ग पर रविवार को शाम घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला को स्कॉर्पियो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के बड़े बेटे लड्डू मौर्या गंभीर अवस्था में अपनी मां को स्थानीय अस्पताल ले गया जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार टिकरी कटरा मार्ग पर शाहपुर गांव में मूर्ति देवी (60) निवासी शाहपुर घर के बाहर खड़ी थी। कोल्हमपुर चौकी प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि दुर्घटना हुई है। मामला संज्ञान में है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ब्लड सेंटर के उद्घाटन समारोह में 51 ने किया रक्तदान



चैरिटेबल ब्लड सेंटर का उद्घाटन करते सदर विधायक। अमृत विचार

**बलरामपुर** । रविवार को महादेव मिश्र कालोनी में केके चैरिटेबल ब्लड सेंटर का उद्घाटन सदर विधायक पलटू राम द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम तथा भाजपा नेता बृजेंद्र तिवारी का संस्था के डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं सौरभ श्रीवास्तव ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि बलरामपुर नगर में पहली बार इस तरह के ब्लड बैंक के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी और खून के लिए अन्य जनपदों में भाग दौड़ लगाने से छुटकारा मिलेगा। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि बल्ड सेंटर में पी आर बी सी, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, होल ब्लड आदि की सुविधा लोगों को मिलेगी। इस दौरान जगदीश सिंह, आकाश पाण्डेय, सुपरवाइजर सुशील कुमार सिंह, राहुल सिंह, अंकित सिंह, रमेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने होनहार मुस्कान को किया सम्मानित

**गोंडा** : जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा रविवार को इटियाथोक ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत परसिया बहोरीपुर गांव मे पूर्व प्रधान नरेंद्र दूबे के घर पहुंचकर होनहार मुस्कान से मुलाक़ात की और उसे पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर अशोक दुबे, नरेंद्र दूबे, सत्येन्द्र दुबे, शिवकुमार दुबे, नरेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 2025 13 मई को जारी किया है। इटियाथोक ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत परसिया बहोरीपुर के पूर्व प्रधान नरेंद्र दूबे उर्फ़ बबलू की होनहार बेटी मुस्कान दूबे ने 96 .6% अंको के साथ इंटरमीडियट मे टाप किया है।



### मेडिकल कॉलेज में बाहर की दवा लिखने पर भेजा पत्र

**गोंडा** : जिले की सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर की दवा लिखी जाती है। शिकायत भी होती है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती है गोंडा मेडिकल कालेज में कई बाहरी दलाल रहते हैं जो इस कार्य को करते हैं इसके लिए कई बार आवाज उठाई गई लेकिन कुछ दिन के बाद कोई कार्यवाही न होने से आवाज दब जाती है। महाराजा देवीबख्श सिंह चिकित्सा महाविद्यालय में वैसे तो सभी स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त में दिए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत सरकारी दावे से अलग है। जांच भी बाहर से लिखी जाती है और दवा भी बाहर की लिखी जाती है जिसके गरीब मरीज काफी परेशान होते हैं। ऐसे ही कई बिंदु है जिसको लेकर इसके पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आवास विकास कालोनी निवासी समीर को चर्म रोग की समस्या थी चर्म रोग की ओपीडी में दिखाने के बाद अस्पताल के पर्चे और छोटी पर्ची पर दवा लिखी गई भीषण गर्मी में दवा काउंटर पर 40 मिनट लगने के बाद दूसरे बीमारी की दवा थमा दी गई ऐसे ही कई प्रकरण आते रहते हैं जिसपर कार्यवाही होना बहुत ही जरूरी है। समाजसेवी ने उपमुख्यमंत्री से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### ब्रह्माकुमार रामलोचन भाई नहीं रहे, दी गई श्रद्धांजलि

**परसपुर, गोंडा** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार रामलोचन भाई को रविवार को परसपुर सेवा केंद्र सहित विश्वभर के सभी सेवा केंद्रों पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बेलसर विकास क्षेत्र के लिलोई कला गांव के मूल निवासी रामलोचन भाई ने 20 मई 2025 को 75 वर्ष की आयु में अपने नश्वर शरीर का त्याग कर अव्यक्त लोक की यात्रा प्रारंभ की। रामलोचन भाई ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय राजस्थान में भोजनालय विभाग में समर्पित सेवा में रत थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ब्रह्माकुमारी संस्था के सिद्धांतों, राजयोग साधना और आत्मकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन सादगी, सेवा और आध्यात्मिक निष्ठा का अनुपम उदाहरण रहा। रविवार को विश्व के 145 देशों में स्थित 9,000 से अधिक सेवा केंद्रों पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। परसपुर सेवा केन्द्र पर उनके चित्र पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहन ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्रीय गणमान्यजन एवं संस्था से जुड़े सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिन कुमार मिश्रा, डॉ. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा, विकास सिंह, विवेक सिंह, राधेश्याम मिश्रा, अंजनी कुमार पांडेय, अनूप कुमार सिंह, राघवेंद्र पांडेय आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।



श्रद्धांजलि देतीं ब्रह्माकुमारी बहन।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत दी गई जानकारी

**गोंडा** : विकसित कृषि संकल्प अभियान में दी गई जैविक खेती की जानकारी दी गयी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को विकासखंड छपिया के ग्रामों खालेगांव,पटखौली तथा भवाजीतपुर में कृषकों को खेती एवं पशुपालन के साथ ही कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ से आये प्रधान वैज्ञानिक डॉ.वी.पी सिंह ने गन्ना की वैज्ञानिक खेती, गन्ना में कीट व रोग प्रबंधन, गन्ना के साथ सह फसली खेती, डॉ मनोज श्रीवास्तव ने गन्ना की उन्नतशील प्रजातियां, डॉ. रामलखन सिंह कृषि वैज्ञानिक ने धान, तिल, अरहर उर्द एवं मूंग की वैज्ञानिक खेती, खरीफ फसलों में जल विलेय उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती,हरी खाद की खेती, ड्रोन की उपयोगिता आदि, डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फलदार वृक्षों व सब्जियों की वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी।

# 1.87 करोड़ से शिवगढ़ धाम में होंगे विकास कार्य

**बलरामपुर, अमृत विचार**। पचपेड़वा नगर पंचायत क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवगढ़ धाम के विकास के लिए शासन ने 1.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस बजट से मंदिर परिसर में हॉल का निर्माण, मंदिर का सुंदरीकरण और दो सीसी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

शासन से स्वीकृत बजट के तहत वार्ड संख्या 14 में स्थित मंदिर परिसर के भीतर 46.81 लाख रुपये की लागत से एक हॉल बनाया जाएगा। यह हॉल श्रद्धालुओं के बैठने, ठहरने और धार्मिक आयोजनों के लिए उपयोग में आएगा। इसी राशि से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। जिसमें परिसर की सफाई, रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुधार शामिल हैं।

मंदिर तक पहुंचने के लिए रास्तों को भी बेहतर बनाया जाएगा। वार्ड संख्या 14 में मुनीर महतो के घर से शिवगढ़ धाम तक सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। जिस पर 47.05 लाख रुपये खर्च होंगे।



पचपेड़वा स्थित शिवगढ़ धाम मंदिर।

इसके साथ ही वार्ड संख्या 9 में सिसहनिया से शिवगढ़ धाम तक की सड़क को भी सीसी रोड में बदला जाएगा। इस पर 47.14 लाख रुपये की लागत आएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने बताया कि सभी कार्यों के लिए बजट मिल चुका है। निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कराया जाएगा। इन विकास कार्यों से शिवगढ़ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा, बेहतर वातावरण और धार्मिक वातावरण का अनुभव मिलेगा।

# बिना मान्यता के छात्रों का पंजीकरण अब नहीं चलेगा : डीआईओएस

**बलरामपुर**। जिले में बिना मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा कक्षा 9 और 11 में छात्रों को अवैध रूप से संबद्ध कर पंजीकरण कराने पर अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) मृदुला आनंद ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में संबंधित विद्यालयों की मान्यता रद्द करने के साथ अन्य सख्त कदम भी उठाए जाएंगे।

प्राप्त शिकायतों के अनुसार, कुछ वित्तविहीन, कोचिंग सेंटर, मदरसे, व प्राथमिक अथवा जूनियर स्तर तक मान्यता प्राप्त संस्थान, छात्रों को गैरकानूनी रूप से कक्षा 9 और 11 में संबद्ध कर बोर्ड परीक्षा में शामिल करा रहे हैं। डीआईओएस ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह अवैध है और इसके खिलाफ शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में सभी राजकीय, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे अपने संस्थान में इस प्रकार की किसी भी गतिविधि में संलिप्त न हों। और एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें जिससे यह पुष्टि हो कि उनके यहां ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है। उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई तय है।

# 2027 में बनेगी समाजवादी पार्टी की सरकार : राकेश



पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम में मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार**। रविवार को बलरामपुर सदर विधानसभा के सेखुई कला चौराहे पर समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भानु त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गैंसड़ी विधायक राकेश यादव मौजूद रहे। आयोजन पूर्व विधायक राम सागर अकेला द्वारा किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक राकेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकार छीन रही है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में समाजवादी पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने कहा कि पीडीए की परिकल्पना तभी सफल होगी जब समाज के वंचित वर्ग एकजुट होकर एक-दूसरे की मदद करेंगे। डॉ. भानु त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। सरकारी उपक्रमों को बेचा जा रहा है और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को संगठन से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव ओंकार नाथ पटेल, जिला उपाध्यक्ष इकबाल जावेद, सफीउल्लाह खान सहित कई वक्ताओं ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। विशाल श्रीवास्तव, महेंद्र विक्रम अकेला, वसीम खान और स्थानीय लोग मौजूद रहे।


**सहूलियत** 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पैनल, पोषण व्यवस्था को नई ऊर्जा

# बिजली संकट का समाधान, पोषाहार यूनिटें होंगी सोलर चालित

सुशील सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार** : जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषाहार आपूर्ति करने वाली उत्पादन यूनिटों को अब बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत इन यूनिटों को सौर ऊर्जा से लैस किया जा रहा है। पहले चरण में छह में से चार यूनिटों का चयन किया गया है। जहां 75 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। योजना के तहत यूनिटों को सोलर पैनल 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

उतरौला ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवरिया मैनहा स्थित न्यूट्रेशन इंटरप्राइजेज यूनिट पर सोलर पैनल स्थापित कर दिया गया है। वहां सौर ऊर्जा से मशीनों का संचालन भी शुरू हो गया है। इससे अब बिजली न होने की स्थिति में भी यूनिट की मशीनें चार घंटे तक पूरी क्षमता से काम कर सकेंगी। इससे न केवल उत्पादन बाधित होने से बचेगा बल्कि उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी। जिले में कुल छह ब्लॉकों सदर, हरैया सतघरवा, पचपेड़वा, तुलसीपुर, उतरौला और गैड़ासबुजुर्ग में पोषाहार उत्पादन यूनिटें संचालित हैं। इन यूनिटों का संचालन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाता है। पहले बिजली कटौती के कारण उत्पादन में रुकावट आती थी जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर समय से पोषाहार पहुंचाना मुश्किल होता था। इस समस्या के समाधान के लिए NRLM ने सभी यूनिटों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का निर्णय लिया है। पहले चरण में उतरौला, हरैया सतघरवा, पचपेड़वा और तुलसीपुर यूनिटों को शामिल किया गया है। शेष दो यूनिटों सदर और गैड़ासबुजुर्ग को दूसरे चरण में जोड़ा जाएगा। सोलर पैनल लगाने की कुल लागत 57 लाख 72 हजार रुपये है।



ग्राम पंचायत देवरिया मैनहा स्थित न्यूट्रेशन इंटरप्राइजेज यूनिट पर लगा सोलर पैनल।

उतरौला यूनिट पर सोलर पैनल लगाकर संचालन शुरू कर दिया गया है। अन्य यूनिटों पर भी तेजी से काम हो रहा है। पोषाहार उत्पादन की नियमितता बनाए रखने के लिए अत्यंत जरूरी थी।

–विवेक गोदर, जिला मिशन प्रबंधक

## एक नजर

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज, गोंडा।** स्थानीय पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी धर्मेंद्र कुमार गौतम पुत्र देवीदीन निवासी बनगांव बगिया थाना तरबगंज को बनगांव बंधे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय थाने पर 25 मई को मधु ने लिखित तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को उसके ससुरालजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जहर खिला दिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुगंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी तरबगंज द्वारा की जा रही थी।

### बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे है वाहन

**बेलसर (गोंडा)।** नियमों को ताक पर रखकर सड़क पर बेखौफ वाहन दौड़ रहे हैं। दुर्घटना घटित होने पर थाने पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जिले में इस समय वाहन दुर्घटना से होने वाली मौतों के मामले बढ़ते जा रहे है। लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अपनी नींद से नहीं जाग रहे हैं। रविवार को बेलसर चौराहे पर गोंडा से तरबगंज की तरफ जा रहा ट्रक इसका नमूना है। ट्रक की स्पीड व चलाने का तरीका सड़क के नियमों के प्रतिकूल था। पीछे लगने वाला नंबर प्लेट भी गायब था फिर भी जिले भर में बिना नंबर प्लेट के गाड़ी सड़क पर दौड़ रही थी।

### भूमि विवाद में मारपीट मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज जमीन बैनामा कराने की पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दुर्जनपुर घाट की बीडीसी के पति सतवंत सिंह की पिटाई करने के बाद उनके घर में घुसकर पत्नी व बेटी को भी पीटा। बैनामे की जमीन को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही पवन सिंह अंकित सिंह सत्यम सिंह और शिवम सिंह ने बीती रात दुर्जनपुर घाट बाजार से लौटते समय सतवंत सिंह को लाठी डंडा और बांके से मारपीट कर घायल कर दिया। इलाज के लिए जाने के बाद उक्त लोगों ने पर उनकी पुत्री शिवानी सिंह तथा पत्नी कंचन सिंह को भी मारा पीटा प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जान से मारने की धमकी केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत उदयपुर ग्रंट पसियन पुरवा निवासी गोपाल पुत्र दीपक कुमार ने थाने पर तहरीर दिया है कि शुक्रवार शाम को जमीन के विवाद को लेकर गांव के महादेव व दीपक कुमार पुत्रगण जोखन ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लात घुसा व लाठी डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत डल्लापुर निवासी शिवा गोस्वामी पुत्र रामप्रवेश ने थाने पर तहरीर दिया है कि बुधवार सुबह करीब 7 बजे अपने बड़े भाई राज गोस्वामी के साथ डुमरियाडीह से टेम्पो पर बैठकर वजीरगंज आ रहा था अयोध्या गोंडा मार्ग पर भारती स्कूल भगोहर के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित टेम्पो से भिड़ कर पलट गया। जिसमें वादी घायल हो गया तथा उसके भाई का पैर टूट गया। घायल को निजी अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### स्ट्रीट लाइटों से दूर होगा अंधेरा : सिंह

**बभनान, गोंडा :** विगत वर्षो की भाँति बलरामपुर फाउन्डेशन द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत गोण्डा और बस्ती जिले समाजिक बुनियादी आवश्यकता को पूर्ण करने का कार्य किया गया है। बभनान एवं करनपुर गांव में सड़क के पैदल मार्ग का सौन्दर्यीकरण एवम बभनान पुलिस चौकी से लेकर बभनान रेलवे गेट तक 35 सोलर स्ट्रीट लाईट लगवाने का कार्य किया गया है। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार सिंह सोलर स्ट्रीट लाइटों के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि बभनान पुलिस चौकी से लेकर रेलवे समपार फाटक तक अंधेरा रहने से कस्बे में आवागमन करने वाले लोगों व यात्रियों को अंधेरे की वजह से कठिनाई का सामना करना पड़ता था। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पैतीस स्ट्रीट लाइटों को लगाया गया है। इसके पूर्व में बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा छपिया व गौर ब्लाक में सत्तर उषा सिलाई स्कूल खोले गए। महरागौरा, सकदरपुर मकोईया सहित तमाम गांव के स्कूलों में गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर लगाए गए। इस अवसर पर मिल के राजन राय, केपी सिंह, अवधेश मिश्रा, हरिश मौजूद रहे।

# खरगूपुर में दिनदहाड़े बच्चे को मुंह से दबोच कर भागा जंगली जानवर

## महिला ने जानवर से भिड़कर छुड़ाया, घायल बच्चे का चल रहा इलाज

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** जंगली जानवर ने चार पाई पर लेटे दो वर्षीय अवोध बच्चे को मुंह में दबोच कर भागने लगा। बच्चे की बड़ी मां ने जानवर से छीना झपटी कर किसी तरह से उसे बचाया।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया के मजरा नाग बाबा पुरवा में 12:30 बजे दोपहर शिव भोला दुबे का दो वर्षीय बेटा शिवांश घर के पास चारपाई पर लेटा था। पास में ही उसके दादा अलखराम दुबे भी मौजूद थे। अचानक एक जंगली जानवर पहुंचा और शिवांश के चेहरे को मुंह में दबोच कर भागने लगा। इसी बीच उसकी बड़ी मां माधुरी पत्नी श्रवण कुमार ने बच्चे को ले जाते हुए देखा। जिस पर वह निहत्थे ही उस जानवर से भिड़कर उसके मुंह से शिवांश को छीन लिया। लेकिन जब तक बच्चे का एक आंख सहित चेहरा बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे परिजनों ने पीएचसी रुपईडीह पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। घायल बच्चे का गोंडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसी गांव से सटे तमाही पुरवा में


जंगली जानवर का पगचिह्न देखते पुलिस व वन कर्मी। अमृत विचार

**एक सप्ताह पहले भी जंगली जानवर एक बच्चे को बना चुका है शिकार**

23 मई की रात रविंद्र दुबे के यहां मड़हे में घुसकर चार माह की उनकी बेटी गंगोत्री को चारपाई से जंगली जानवर उठा ले गया था। जिसका शव घर से थोड़ी दूर ही एक घूर पर मिला था। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने गांव में कई रात व दिन कांबिंग कर जानवर के बारें में पता करने की कोशिश की थी। लेकिन न तो जानवर मिला और न ही उसका कोई पगचिन्ह और वन विभाग खाली हाथ रह गया था।

> जानवर के पैर के निशान की फोटोग्राफी कर ली गई है। ट्रेस करने के बाद कौन सा जानवर है इसकी जानकारी होगी। वहीं जानवर को पकड़ने के लिए कैमरा व पिंजरा लगवाया जायेगा।
>
> **-अभिषेक प्रताप,** डिप्टी रेंजर

वहीं वन विभाग के कार्य के प्रति गांव के पटमेश्वरी, प्रेमनाथ तिवारी, सुरेंद्र दुबे, पेशकर तिवारी, रमेश दुबे, देवराज दुबे का कहना है कि हमला करने वाले जंगली जानवर को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम बिना किसी संसाधन के मात्र खाना पूर्ति करती रही। वहीं बच्चे की मां नीतू देवी रोते हुए बेहोश हो जाती थी। शिव भोला के दो बेटे हैं जिसमें शिवांश से छोटा अयांश अभी तीन माह का है। वन विभाग के कटरा रेंज के रेंजर मोहम्मद इमरान खान, डिप्टी रेंजर अभिषेक प्रताप, थानाध्यक्ष खरगूपुर प्रदीप सिंह, उपनिरीक्षक विनय कुमार ने पहुंचकर जानवर के पैर के निशान को ट्रेस किया।

## खनन माफियाओं का तांडव, लेखपाल पर हमला, फाड़े अभिलेख

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के रांगी गांव में खनन की जांच करने गए लेखपाल पर खनन माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया, अभिलेख फाड़ दिये व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

पीड़ित लेखपाल जय प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के रांगी गांव के मजरा जलौनी में अवैध खनन हो रहा था। जिसकी सूचना गांव के लोगों ने तहसीलदार को दी। तहसीलदार के आदेश पर जांच करने गांव पहुंचे तो खनन कर रहे गिरधारी यादव व लालाजी यादव निवासी गोकुला से खनन करने का परमीशन पत्र मांगा तो खनन माफिया भड़क उठे। गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे व बस्ता छीन लिया। विरोध करने पर खसरा फाड़ दिया और कहने लगे कि खनन करेंगे कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। जान-माल की धमकी देते हुए चले गये।

मारने पीटने से घायल लेखपाल ने सूचना थाने पर दी है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ अवैध खनन, सरकारी कार्य में बाधा, अभिलेख फाड़ने व मारपीट आदि का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

## एलपीजी भरे टैंकर के केबिन में आग लगने से मचा हड़कंप

**नवाबगंज, अमृत विचारः** अयोध्या बस्ती हाइवे मार्ग पर लोलपुर गांव के पास एलपीजी लिक्विड पेट्रोलियम गैस से भरे टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

मध्य प्रदेश से एचपी कंपनी का एलपीजी से भरा टैंकर लेकर चालक रामू पुत्र राम लाल निवासी उतरौला जिला बलरामपुर मोतिहारी,बिहार जा रहा था। अयोध्या-गोरखपुर राजमार्ग पर लोल पुर गांव के पंहुचा तो चालक खाना खाने के लिए करीब 2 बजे गैस सिलेंडर लदे टैंकर को लोलपुर गांव के कनक होटल के पास खडा कर दिया और ढाबे पर खाना खाने लगा। इसी दौरान

**कक फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

अचानक टैंकर के केबिन में आग लग गई। मौके पर पंहुचे सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने ग्रामीणों की मदद आग पर काबू पाया। सीओ तरबगंज डॉ उमेश्वरप्रभात सिंह भी मौके पर पंहुच गए। करीब आधे घंटे बाद घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। सरयूघाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। केबिन में शार्टशर्किट की वजह से आग लगी थी ।वहीं स्थानीय लोगो ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

## ओवरहालिंग और मशीन पैकिंग के चलते रेलखंड समपार रहेगा बंद

**मनकापुर, अमृत विचारः** गोंडा-मनकापुर रेलखंड स्थित समपार संख्या 245 / स्पेशल पर ओवरहॉलिंग एवं मशीन पैकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं मरम्मत की दृष्टि से आवश्यक रूप से निर्धारित किया गया है। यह कार्य दो चरणों में होगा। पहले चरण में सोमवार 02 जून 2025 को रात्रि 8:00 बजे से लेकर 03 जून 2025 की सुबह 8:00 बजे तक अपलाइन पर कार्य किया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में डाउनलाइन पर यह कार्य 03 जून की रात्रि 8:00 बजे से 04 जून की सुबह 8:00 बजे तक किया जाएगा।

इस कार्य के दौरान समपार संख्या 245 / स्पेशल कोतवाली तिराहे के निकट स्थित है। सड़क मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इस कारणवश नवाबगंज -उतरौला तथा बभनान-गोंडा मार्ग पर समपार संख्या 245 स्पेशल होते हुए जाने वाला मार्ग प्रभावित रहेगा और इस रूट पर यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे ने प्रभारी निरीक्षक मनकापुर को पत्र भेजकर उपरोक्त तिथियों में आमजन को वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने व रूट परिवर्तन में सहयोग मांगा गया है।


मनकापुर रेल खंड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग। अमृत विचार

# सैनिकों ने बढ़ाया देश का मानः हरीश पांडे

**मनकापुर, अमृत विचारः** सैनिको ने जिस तरह से हमारे देश का सम्मान बढाया है और आतंकवाद को बढावा देने वाले देश पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा है। यह देश की तीनों सेनाओं की देन है। उक्त बाते केन्द्रीय वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन व विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि के रूप में मनकापुर कोट प्रबंधक हरीश पान्डेय ने सैनिक परमार्थ चिकित्सालय महेवा नानकार मनकापुर में आयोजित दिव्यांगजन एवं वृद्धजन सेवा शिविर तथा आपरेशन सिंदूर के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल बिपिन शुक्ला व संचालन इंजीनियर अंकित प्रांजल मिश्र ने किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को मोटर चलित ट्राईसाइकिल सहित तमाम कृत्रिम अंगो का वितरण भी हुआ। पंडित दीन दयाल उपाध्याय व कर्नल स्वर्गीय श्रीनिवास शुक्ल व सोना देवी के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूवात हुई। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री के प्रतिनिधि व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीश पान्डेय, विशिष्ठ अतिथि खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि सचिव उमेश सिंह यादव , एसबीआई बैंक अधिकारी अखंड प्रताप सिंह, डाक्टर कृष्ण कुमार, डाक्टर सुहेल खान, डाक्टर फारूख सगीर, प्रधान मंत्री दिव्यांग केन्द्र लखनऊ व भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्डिको के अधिकारी श्याम मोहन शुक्ला , श्रीकांत सिंह, लिपु दलाई, संस्था मैनेजर ज्ञानचंद तिवारी, सचिन मौर्या, पवन मौर्या को अंग वस्त्र व गिफ्ट पैक देकर संस्थाध्यक्ष कर्नल बिपिन शुक्ल ने सम्मानित किया।

भारतीय सेना में तैनात अभिषेक सिंह, जेपी पान्डेय व पूर्व सैनिक सत्य प्रकाश दूबे, शिव बचन यादव, ओम प्रकाश ओझा, बृजेश धर दूबे, मुनीराम, मुन्ना कुमार, सर्वेश्वर कुमार सिंह ने आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी तथा सेना के जवानों ने एक नाटक प्रदर्शित किया।


शिविर में उपकरण देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**दिव्यांगों को मिले उपकरण तो चेहरे खिले**

शिविर में कई दिव्यांगजनों को उपकरण मिले जिनमें मोहम्मद जाकिर निवासी फत्तेपुर, ब्लाक रेहरा जिला बलरामपुर, अखिलेश मिश्रा अमरडीहा शाह ब्लाक इटियाथोक, जावेद अली निवासी बिरमापुर ब्लाक इटियाथोक, मनोज कुमार निवासी इन्द्रबली पुरवा, ब्लाक बेलसर, गुड्डू निवासी बनगांव ब्लाक तरबगंज, दुर्योधन निवासी-सिंगहा चंदा, ब्लाक तरबगंज, अरविंद कुमार निवासी लमतीउकरहवा ब्लाक मनकापुर, शबीना निवासी ऐलनपुर ग्रंट, ब्लाक मनकापुर, राधेश्याम निवासी अवरहवा, ब्लाक मनकापुर सुनीता निवासी अम्बरपुर, ब्लाक मनकापुर, अंशू निवासी मल्हीपुर, ब्लाक मनकापुर, मोतीराम निवासी ओबरीडीह, अनवर अली आदि रहे।

## सड़क किनारे बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

**गोंडा, अमृत विचारः** गर्मी के चलते हैं एक युवक बेहोश होकर सड़क किनारे गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां पर चिकित्सकों में मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित ओवर ब्रिज के समीप शौचालय के सामने सड़क किनारे एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति रविवार दोपहर गिर पड़ा और बेहोश हो गया।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सेमरा चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सेमरा चौकी इंचार्ज उदित वर्मा ने बताया कि अज्ञात युवक सड़क किनारे बेहोश मिला था, जिसको इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

**खोज** शिक्षक संसाधन प्रयोगशाला बनी नवाचार का केंद्र

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में छात्रों ने बनाई रोबो कार

**गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के अंतर्गत स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय महेवा गोपाल के विद्यार्थियों ने तकनीकी क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली 'रोबो कार' का निर्माण किया है। यह कार्य विद्यालय में संचालित समर कैंप के दौरान किया गया, जहां छात्रों को प्रयोगात्मक रूप से रोबोटिक्स की जानकारी दी गई। विद्यालय में केयर इंडिया के सहयोग से टीचर रिसोर्स लाइव की स्थापना की गई थी। इस शिक्षक संसाधन प्रयोगशाला में रोबोटिक्स से जुड़ी आधुनिक सामग्री उपलब्ध थी, लेकिन प्रशिक्षित स्टाफ की कमी के कारण इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था।


रोबो कार के बारे में जानकारी देते शिक्षक व मौजूद छात्र। अमृत विचार

### स्थानीय तकनीकी विशेषज्ञ ने दिखाई राह

विद्यालय के शिक्षक देव प्रकाश पाण्डेय ने इस दिशा में पहल करते हुए गांव के ही निवासी व डिजिटल डिज़ाइन इंजीनियर के रूप में कार्यरत आदर्श प्रकाश पाण्डेय से संपर्क किया। छुट्टियों में घर लौटे आदर्श ने बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया और उनके साथ मिलकर दो स्तर की 'रोबो कार' विकसित की।

### जूनियर स्तर की रोबो कार

कार के लिए एक चेसिस को असेंबल किया गया। पिछले पहियों में डीसी मोटर लगाई गई, जो मोटर शील्ड से नियंत्रित होती है। मोटर शील्ड को रिमोट कंट्रोल से इनपुट मिलता है। सामने कास्टर व्हील लगाया गया। आई आर सेंसर से इनपुट पाकर मोटर शील्ड के ज़रिए मोटर को नियंत्रित करता है ।सामने कास्टर व्हील इसे किसी भी दिशा में घूमने योग्य बनाता है।

### रोबोटिक्स होगा समय-सारणी का हिस्सा

प्रभारी प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद यादव ने बताया कि इस तकनीकी नवाचार को शैक्षणिक कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। बच्चों को नियमित रूप से टीआरएल प्रयोगशाला में प्रायोगिक अवसर दिए जाएंगे। समर कैंप का संचालन संतोष कुमार वर्मा एवं जानकी देवी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह प्रयास ग्रामीण छात्रों में 21वीं सदी की तकनीकी दक्षताओं को विकसित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। आदर्श प्रकाश पाण्डेय जैसे युवाओं के मार्गदर्शन से यह संभव हो सका।

## सार-संक्षेप

### संविधान को सुरक्षित रखने के लिए लड़नी होगी लड़ाईः शाहिद


कार्यक्रम के दौरान मौजूद शहर कांग्रेस कमेटी कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

**गोंडा :** कांग्रेस के शहर अध्यक्ष व सभासद शाहिद अली कुरैशी की अध्यक्षता में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस भवन मे किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान बचाओ का जो नारा, संदेश दिया है उसे हर हाल में हम सबको मिलकर साकार करना है। अगर संविधान नहीं रहेगा तो देश भी नहीं रहेगा। शहर अध्यक्ष ने कहा कि जिस उत्साह के साथ पार्टी के कार्यकर्ता संविधान बचाओ कार्यक्रम में सहभागी बने हैं। उससे पूरी आशा है कि आने वाला दिन कांग्रेस का होगा। कार्यक्रम संचालक सैयद मुजीब मास्टर ने कहा कि भाजपा हर षड़यंत्र में नाकाम हो चुकी है और अब पतन की राह पर चल रहे हैं। अब कुछ बचा नहीं है। शहर अध्यक्ष ने आवास विकास कॉलोनी द्वितीय निवासी प्रेम चंद्र श्रीवास्तव को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान हरिराम सोनी, वसीम सिद्दीक़ी, शहज़ादे मेवाती, हफीज महमूद, निशा खातून, निर्मला देवी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वाजिद अली आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान हरि श्याम सोनी, वसीम सिद्दीक़ी, निर्मला देवी, शहज़ादे मेवाती सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### योगा आसन प्रोटोकॉल रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन


योगा आसन रिहर्सल कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** वेंकटाचार्य हाल व लान में रविवार को कॉमन योगा आसन प्रोटोकॉल रिहर्सल का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसमें जिले के मास्टर योग ट्रेनर आदर्श कुमार मिश्रा ने जिले भर के आए हुए सभी संस्थानों के प्रभारी साधकों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के आसनों का प्रशिक्षण देते हुए भद्रासन , पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, भ्रामरी, प्राणायाम सहित योग प्रोटोकॉल के आसन प्राणायाम का विधिवत प्रशिक्षण दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ इंद्रजीत ने बताया की जिला प्रशासन के निर्देशन में योगासन रिहर्सल कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास के रूप में यह कार्यक्रम किया गया है, जिसका उद्देश्य से जिले भर से आए हुए योग साधक जो नगर के प्रमुख पार्कों अपने-अपने तहसीलों के ऐतिहासिक स्थल, पौराणिक स्थल वा ब्लॉकों में नगर पंचायत में नियमित योग शिविर लगाकर वहां उपस्थित जन समुदायों को योग का प्रशिक्षण देंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष डॉ अमित सिंह ने बताया कि आयुष विभाग की टीम के द्वारा 21 जून के कार्यक्रम को भव्य बनाने के क्रम में कल से प्रतिदिन निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम जिलेभर में संचालित किए जाएंगे। रुचि पांडे ने कहा कि गर्मी से राहत देने में शीतली प्राणायाम सहायक साबित होगी । जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला होम्योपैथिकचिकित्साधिकारी , एससीपीएम मेडिकल कॉलेज के प्रशासक धीरज दूबे व संस्थान के प्राचार्य, डा कोमल, डॉ विनोद पाल,फार्मासिस्ट पुरनचंद्र मिश्र, रामजी बाजपई, वरिष्ठ लिपिक आयुष ओपी सिंह,अखिलेश, सहित तमाम संस्थाओं के प्रभारी वा आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक योग सहायक उपस्थित रहे।

### जांच कर डीसी मनरेगा ने दिया रिकवरी का आदेश

**गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिसवा मे मनरेगा के तहत व्यापक स्तर पर वित्तीय अनियमितता में ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक के विरुद्ध डीसी मनरेगा ने 616 रु. की रिकवरी के लिए खंड विकास अधिकारी मनकापुर को 3 दिवस के भीतर कार्यवाही के लिए आदेश जारी किया है। ग्राम पंचायत सिसवा ब्लॉक मनकापुर मे मनरेगा के तहत करोड़ों रुपये निकाले गए जब कि धरातल पर कार्य हुए ही नहीं हुए है। मात्र दो कामों मे डी सी मनरेगा ने स्थलीय जांच कर भ्रष्टाचार का उजागर किया है। विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत हुई थी जिस पर डीसी मनरेगा ने जांच की थी अब रिकवरी का आदेश हुआ है।

### पैमाइश करने गए राजस्व टीम पर हमला

**रुपईडीह, गोंडा :** पंचायत की भूमि का सीमांकन करने गये राजस्वकर्मियो के साथ मारपीट करने व गाली-गलौज करने के मामले मे पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है। कौड़िया के राजस्व निरीक्षक देवी प्रसाद ने थाने मे तहरीर देकर अवगत कराया कि लैबुड़वा गांव लेखपाल विवेक प्रजापति व भीम प्रसाद वर्मा के साथ पुलिस की मौजूदगी मे पंचायत भवन की जमीन का सीमांकन करने गये थे। जहां पर गांव के ही चंद कुमार, संजय कुमार व धीरेन्द्र कुमार पहुंच गये और गाली-गलौज करते हुए अभिलेख फाड़ दिया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि कानूनगो की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की विवेचना दारोगा अमरजीत सोनकर को सौंपी गई है।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर विधायक ने किया दीवार लेखन



दीवार पर स्लोगन लिखते तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे। अमृत विचार

**तरबगंज, अमृत विचार :** तरबगंज विधानसभा में एक राष्ट एक चुनाव की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए चौराहों पर वाल पेंटिंग्स के जरिए अभियान की शुरुआत की गयी है। विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय ने विधानसभा क्षेत्र तरबगंज में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों पर वाल पेंटिंग के माध्यम से एक व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत किया है। विधायक ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव" न केवल व्यवस्थागत पारदर्शिता और समय की बचत सुनिश्चित करता है, बल्कि इससे विकास कार्यों की निरंतरता भी बनी रहती है। बार-बार होने वाले चुनावों से उत्पन्न आर्थिक व्यय और प्रशासनिक दबाव में भी इससे उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है ।इस अभियान का मूल उद्देश्य आमजन को इस विषय में जागरूक करना है, ताकि वे देशहित में सोचें, समझें और समर्थन दें। यह पहल लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### कव्वाली मुकाबला के साथ उर्स का हुआ समापन

**गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड वजीरगंज के नगवा में हज़रत हाजी मंगल शाह बाबा का उर्स कव्वाली के शानदार मुकाबले के साथ समापन हुआ। कौव्वाली के मुकाबले में शरीफ परवाज़ और चाहत वारसी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। कव्वाली के मुकाबले में शरीफ परवाज़ ने अपनी मधुर आवाज मेरे मुस्तफा ने दिया है ये तोहफा से कार्यक्रम का आगाज किया। चाहत वारसी ने जब दिल ने पुकारा नबी की प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। लोगों ने हज़रत हाजी मंगल शाह बाबा की दरगाह पर जाकर चादर चढ़ाई और उनके लिए दुआएं कीं। आयोजक अलाउद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उर्स के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर स्वामी नाथ सिंह, बदलू सिंह, शैलेश सिंह, गोरखनाथ पांडे, वासुदेव, मोहम्मद अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम:॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है कि विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि वे नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद एक करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत'में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली, "बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# गन्ने के खेत में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

## विश्वेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पटना की घटना, सुबह से था लापता

संवाददाता, विशेश्वरगंज बहराइच



गन्ने के खेत में शव मिलने के बाद पहुंची पुलिस व जुटी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर गन्ने के खेत में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों को जानकारी पुत्र ने कपड़े से अपने पिता के शव की पहचान की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बेटे ने पिता की हत्या की आशंका जताई है।

विशेश्वरगंज थाने के पटना के मजरे टिकुइयां के बगल स्थित पटना गांव में शनिवार रात गन्ने के खेत में एक अधेड़ की क्षत- विक्षत शव देख गांव में दहशत फैल गई। लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची। सूचना पर एसएचओ ज्ञान सिंह पुलिस व फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू हुए। टिकुइयां निवासी 19 वर्षीय संदीप भी अपने लापता पिता की तलाश करता मौके पर पहुंचा। चेहरा क्षत विक्षत होने के चलते उसने शरीर पर पहने कपड़े से शव की शिनाख्त अपने पिता मुंशीलाल (45) पुत्र ाबादीन के रूप में की। शव की पहचान होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्च्यूरी में रखवा दिया। रविवार दोपहर में पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। संदीप ने पिता की हत्या की आशंका जताई है। संदीप के अनुसार उनके पिता मुंशीलाल सुबह बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। और काफी देर तक वापस नहीं आए। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। एसएचओ ज्ञान सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र की ओर से अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### हुजूरपुर इलाके में मिला युवक का शव

**हुजूरपुर,बहराइच अमृत विचार।** जिले के थाना हुजूरपुर के टिक्सरा गांव में एक संदिग्ध का शव पड़ा देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के टिक्सरा बड़ा गांव मे रविवार को एक युवक का शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान श्यामू (22) पुत्र अलखराम निवासी रेड़ालाल चिलवरिया थाना कोतवाली देहात के रुप में हुई। उप निरीक्षक शिववचन सिंह ने बताया कि मृतक अर्द्धविक्षिप्त था।

# फॉल्ट ठीक करते समय शुरू हुई बिजलीआपूर्ति, कर्मी की मौत

संवाददाता, नवाबगंज बहराइच

**अमृत विचार।** जमुनहा गांव में विद्युत पोल पर शट डाउन लेकर फाल्ट दुरूस्त करते समय अचानक बिजली आपूर्ति शुरू होते ही संविदा कर्मी झुलस कर पोल से नीचे जा गिरा। गंभीर हालत में नानपारा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



राजकुमार आर्य (फाइल फोटो)।

नवाबगंज थाने के नौबस्ता जमुनहा के मजरा जमुनहा में एचटी लाइन में तकनीकी फाल्ट आने से बत्ती गुल थी। शिकायत पर संविदा कर्मी जलालपुर के मजरा मगन गांव निवासी राजकुमार आर्य (25) पुत्र मुनेशर शनिवार रात लगभग नौ बजे मासूपुर फीडर का शट डाउन लेकर पोल पर चढ़ कर तकनीकी फाल्ट दूर कर रहा था। अचानक बिजली आपूर्ति शुरू होने से वह झुलस कर पोल से नीचे आ गिरा। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। इसकी सूचना लोगों ने बिजली महकमे के उप केंद्र व पुलिस को दी। आनन-फानन में एंबुलेंस मंगवाकर झुलसे संविदा कर्मी को नानपारा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। उप केंद्र नवाबगंज के अवर अभियंता बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मौत हुई, ऐसा हुआ है। पुष्टि डाक्टर करेंगे। अभी पूरी जानकारी नहीं है।

## किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

**कैसरगंज बहराइच अमृत विचार।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के बरवलिया निवासनी 13 वर्षीय नूरजहां पुत्री हसन मोहम्मद का शव रविवार सुबह कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। गांव के ही सुभाष वर्मा पुत्र अवध राम ने इसकी सूचना थाने में दी। पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। एसएचओ सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि खुदकुशी की वजह का पता नही लगा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## किराने की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के अमवा गांव स्थित किराने की दुकान में शनिवार देर रात आग लग गई। उठतीं लपटें देख लोगों ने इसकी सूचना दुकानदार मालिक को दी। मौजूद लोगो ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।

बौंडी थाना क्षेत्र के अमवा तेतारपुर के मजरे अमवा गांव स्थित किराना दुकान में शनिवार देर रात लगभग दो बजे आग लग गई। आग की लपटों को देखकर काफी लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित मुजीम शाह ने बताया कि आग से दुकान में रखी 26 हजार नकदी, अनाज, मसाला, तेल, मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत एक लाख से अधिक का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनीराम कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। लेखपाल मूलचंद पाण्डेय ने बताया कि मौके पर जाकर क्षति का आंकलन किया गया है। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है ।

## सार-संक्षेप

### अब वृहस्पतिवार को बंद रहेगा कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद में स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के लिए एक नया ईको पर्यटन कैलेंडर जारी किया गया है। इस कैलेंडर के अनुसार कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार अब हर बृहस्पतिवार को बंद रहेगा, जबकि पहले यह मंगलवार को बंद रहता था। कतर्नियाघाट टाइगर रिजर्व अब हर बृहस्पतिवार को बंद रहेगा ।यह नया कैलेंडर टूरिज्म सत्र 2025-26 के लिए लागू होगा। इस कैलेंडर में प्रदेश के छह टाइगर रिजर्व में ईको पर्यटन के साप्ताहिक बंदी का अलग-अलग दिन तय किया गया है। वन विभाग का उद्देश्य टाइगर रिजर्व के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### पैदल घर जा रहे युवक को वाहन ने मारी ठोकर ,मौत

**बहराइच अमृत विचार।** वाहन से उतरकर सुबह पैदल घर आ रहा युवक को फुलवरिया गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजन दौड़े। घायल को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए ।चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक बिहार से मजदूरी से वापस आया था। रिसिया थाने के आसाम रोड के फुलवरिया गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने पैदल जा रहे गोकुलपुर के मजरा गंगापुर जा रहे आधार (30) पुत्र गोकुल को रौंद दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए ।चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

### योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है। योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

### अब्बास अंसारी मामले में हाईकोर्ट जाएंगे : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वह अपने विधायक अब्बास अंसारी के लिए हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश का स्वागत है लेकिन वह इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी ऊपरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

### मनोज यादव को दोबारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता मनोज यादव को फिर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का चेयरमैन बनाया गया है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया। मनोज यादव सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर निरंतर आंदोलन चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े वर्ग की जातियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किये गए थे। पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मनोज यादव अभी दिल्ली में हैं। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। अब परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित किए जाने हैं, इसके लिए कॉलेजों से सीट का ब्यौरा, शुल्क और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी गयी हैं, जिसके बाद काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाएंगी।

### 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली 'से पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के थाना हरदी अन्तर्गत ग्राम मुंसारी बरवलिया निवासी एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाया है । हरदी के मुंसारी बरवलिया निवासी युवती के सास व ससुर पास के गांव में किसी की मौत की सूचना पर उसे देखने गए थे। जबकिउसका पति ननके पुत्र रमेश ने एक दिन पहले अपनी रिश्तेदारी में नानपारा गया था ।शनिवार सुबह करीब ननके की पत्नी निधि का शव कमरे में लटकता मिला । सास ससुर वापस घर पहुचे तो निधि का शव लटकते देखा ।शोर सुनकर गांव के लोग इकठ्ठा हो गए। ससुर की सूचना ग्राम प्रधान संजय त्रिवेदी व थाना हरदी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम किए लिए भेज दिया ।पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच कर रही है ।मृतका के पिता शत्रुघ्न पुत्र छोटेलाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर निधि के ससुराल वालों पर दहएज उत्पीड़न का आरोप लगाया है ।थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा दिया। अग्रिम कार्यवाही की जा रही।

# गोरक्षा कानून को लेकर झूठ बोल रही केंद्र सरकार

संवाददाता, बहराइच

- विहिप गोरक्षा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुप्रसाद सिंह ने कहा-जब कृषि कानून बन सकता है तो गोरक्षा कानून पर हीलाहवाली क्यों

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद के गोरक्षा एवं संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर गुरुप्रसाद सिंह ने कहा कि बिना केंद्रीय कानून के बने बिना गोरक्षण संभव नहीं है। इसके लिए कई बार प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है लेकिन केंद्र सरकार हर बार इसे राज्यों के अधिकार की बात बताकर वापस भेज देती है। प्रोफेसर इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहते हैं कि सरकार जब कृषि कानून बना सकती है तो गोरक्षा कानून बनाने को लेकर हीलाहवाली क्यों कर रही है।

प्रोफेसर सिंह बहराइच के महाराजा सुहेल देव स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से खोली गयीं गोशालायें अपने निर्धारित प्रतिफल को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो सकीं हैं। इसके लिए उन्होंने सभी जिलों में एक जागरूक समिति के गठन किये जाने पर जोर दिया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता हो। उनका कहना है कि वैसे बिना केंद्रीय कानून के गोरक्षा की बात करना बेमानी होगी। इस कानून के बिना गो वंश की सुरक्षा संभव नहीं है। जब भी केंद्र सरकार को इसका मसौदा भेजा जाता है, वह यह बताते हैं कि कृषि और पशुपालन राज्यों का विषय है। प्रोफेसर कहते हैं कि हर राज्य का अपना अलग-अलग कानून हैं। ऐसे में बिना केंद्रीय कानून के गोरक्षा पर प्रभावी कदम कैसे उठाया जा सकता है। एक तरफ बीफ एक्सपोर्ट में हम नंबर वन हैं तो वहीं दूसरी तरफ हम गो वंश रक्षण की बात भी करते हैं।

# भारतीय नस्ल की गाय सर्वश्रेष्ठ

संवाददाता, बहराइच



कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के सभागार में रविवार को भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा विभाग अवध प्रांत द्वारा गोपालक गोभक्त महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे डॉ गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय नस्ल की गाय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गाय हैं। मां के दूध के बाद सर्वश्रेष्ठ गाय दूध है। इसलिए गाय के दूध में संपूर्ण आहार माना गया है। तथा देशी गाय के दूध से बने घी शरीर के सभी अंगों के साथ दिमाग भी विकसित होता है देसी गाय के दूध बहुत उपयोगी होता है। गाय के दूध को लोहे की कढ़ाई में गर्म करना चाहिए। देसी गाय का महत्व इतना पवित्र है कि वेदों में भी 1331 बार गाय पर चर्चा आई है ।हमारे पूर्वज अपने घरों को चारों ओर देसी गाय के गोबर से लीपते थे जिससे आकाशीय बिजली का प्रकोप नहीं होता था। भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन में गाय का बहुत बड़ा महत्व है हम सभी को इसे समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानव जीवन के लिए गाय बहुत ही उपयोगी है कृषि कार्य से लेकर मानव के स्वास्थ्य तक देसी गाय का बहुत ही महत्व है हम सभी को गोपालन का कार्य करना चाहिए ।कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख पूरन कार्यक्रम संयोजिका डॉ अनीता जायसवाल, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, डॉ एसपी सिंह, प्रांत मंत्री अमरेश बहादुर सिंह, क्षेत्रीय जैविक कृषि प्रशिक्षण प्रमुख चंद्रभान, एसके मिश्रा, सहप्रांत गो आधारित कृषि प्रशिक्षण प्रमुख रत्नेश शुक्ला, विमलेश जायसवाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में किसान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हरि बहादुर सिंह, डॉ राकेश चंद्रा, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, प्रांतीय सदस्य सूर्य प्रकाश सोनी,श्रीमती डिंपल जैन, श्रीमती ममता जायसवाल, श्रीमती मीना द्विवेदी, पूजा चौहान, वंदना गुप्ता, श्रीमती संतोष पांडे, रचना गुप्ता, सावित्री देवी, संदीप गौड़, दीप नारायण पाल, अखिलेश सिंह,मनोज मिर्ची, आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, बहराइच



थानों के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर के साथ बैठक करते एसपी सिटी ।

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थानों के पैरोकार एवं कोर्ट मोहर्रिर के साथ एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने गोष्ठी किया ।जिसमें उन्होंने थाने के पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिर की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए बताई गई समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने पैरोकारों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति सजग रहें। न्यायालय से प्राप्त होने वाले सम्मन, गैर जमानती वारंट तथा जमानती वारंट उसी दिन थाने के सम्बन्धित रजिस्टर में अंकित कराएं। साथ ही प्राप्त प्रपत्रों की सूचना अनिवार्य रूप से थानेदार को दें। इसी तरह इन प्रपत्रों को समय से न्यायालय को उपलब्ध कराएं, क्योंकि जरा सी चूक या लापरवाही से न्यायालय सम्बन्धी कार्यों में बाधा आती है, जिसका लाभ अपराधी या गलत प्रवृत्ति के लोगों को मिलता है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

कैसरगंज बहराइच

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मोटरसाइकिल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर रंजीत पुत्र हरिकेश चौहान उम्र लगभग 26 वर्ष तथा साहिल पुत्र संदीप कुमार उम्र लगभग 19 वर्ष, दोनों निवासी राजा टोला, कस्बा परसपुर, थाना परसपुर, जनपद गोंडा, अपने घर से फखरपुर की ओर जा रहे थे कि कोनारी के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल साहिल को तत्काल सीएचसी कैसरगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।


## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।




### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | ड़ु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष:** आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष:** आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क:** आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह:** आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या:** आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक:** आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर:** आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ:** आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन:** आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

## एक नजर

### रंजिश में किशोर को तालाब पर बुलाकर पीटा, 3 नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव में एक किशोर को तालाब पर ले जाकर बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां झीना पत्नी निजामुद्दीन ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके 16 वर्षीय पुत्र कुर्बान को बहला-फुसलाकर तालाब पर बुलाया गया, जहां पहले से मौजूद विपक्षियों ने उस पर लोहे के पंजे और डंडों से हमला कर दिया। हमले में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गांव के कोहिनूर, फारूक व दस अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से बालक घायल, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले में सड़क दुर्घटना में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। विजय शंकर पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका आठ वर्षीय पौत्र देव पांडेय 20 मई की शाम घर के सामने खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। घायल बालक का इलाज जिला मुख्यालय के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2456 मरीजों का इलाज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में रविवार को 203वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह मेला जनपद के सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया, जिसमें 78 चिकित्सकों और 281 पैरामेडिकल स्टाफ ने सेवाएं प्रदान कीं। मेले में कुल 2,456 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, जिनमें 1,080 पुरुष, 1,120 महिलाएं और 256 बच्चे शामिल रहे। साथ ही, मौके पर 17 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए

# नगर का चहुंमुखी विकास प्राथमिकता: प्रवीण

## बस स्टेशन से एसपी आवास तक सड़क का होगा कायाकल्प, बढैयावीर गेट का होगा भव्य निर्माण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा है कि नगर का चौमुखी विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। नगर के जिन स्थानों पर नाली व सड़क की आवश्यकता है, वहां कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। बस स्टेशन से बढ़ैयावीर होते हुए एसपी आवास तक सड़क का डामरीकरण कराया जाएगा। साथ ही बढ़ैयावीर धाम के पास एक भव्य गेट का निर्माण भी कराया जाएगा।

रविवार को बढैयावीर मोहल्ले में आयोजित भूमि पूजन समारोह में उन्होंने यह बातें कही। रविवार को दिन में 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान नगर के वरिष्ठ नागरिकों, सभासदों एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही। अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि वर्षों से जलभराव से जूझ रहे महुअरिया मोहल्ले की सड़क का निर्माण शुरू हो चुका है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित ठेकेदार रामेंद्र सिंह राणा को निर्देशित किया कि कार्य समयबद्ध और मानक के अनुरूप हो। उन्होंने जलकल टीम को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी नल टोटी या पाइपलाइन का कार्य लंबित हो, उसे पहले ही पूर्ण कर लिया जाए, ताकि सड़क बनने के बाद उसे तोड़ना न पड़े।


भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल चेयरमैन प्रवीण कुमार अग्रवाल व अन्य।

### वरिष्ठजनों ने रखे अपने-अपने सुझाव

वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पांडेय ने गली नंबरिंग और विधिवत अनुमति के बाद कार्य कराने की बात कही। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह ने मोहल्ले में हरियाली को संरक्षित रखने और पेड़ न काटे जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि प्रवीण अग्रवाल का यह तीसरा कार्यकाल है और इनका परिवार हमेशा नगर के विकास के लिए तत्पर रहा है। मंच का संचालन सभासद प्रवीण मिश्रा ने किया। समारोह में भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, अरविंद सिंह राजा, टीपी सिंह एडवोकेट, विजय त्रिपाठी, इंद्र कुमार तिवारी, सभासद मनीष जायसवाल, सुधीर तिवारी, विजय जायसवाल, धर्मेश सिंह, प्रमोद मिश्रा, अरविंद यादव, सहित डॉ. एस.के. गोयल, डॉ. एएन. सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# महिला को बंधक बनाकर डेढ़ लाख रुपये की लूट

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना करौंदीकला क्षेत्र के दशगर पारा गांव में सोमवार देर रात एक महिला को बंधक बनाकर बदमाशों ने करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की नकदी और जेवरात लूट लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी लालचंद खरवार द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, रात लगभग एक बजे उनकी बहू बबीता पानी लेने के लिए मुख्य दरवाजा खोलकर बाहर निकली थी। तभी चार अज्ञात युवक घर में घुस आए। उनमें से एक ने बबीता को पकड़कर मारपीट की, जबकि अन्य तीन बदमाशों ने घर के बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की चेन,

**▸▸ पुलिस लूट को मान रही संदिग्ध जांच-पड़ताल शुरू**

चांदी की पायल और 25 हजार रुपये नकद लूट लिए। इसके बाद बदमाशों ने बबीता के कान के टप्स, लॉकेट, नथ और पायल भी जबरन छीन लिए। लालचंद ने बताया कि विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। वारदात के बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# राजेश अध्यक्ष व कृपा शंकर बने महामंत्री

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा का वार्षिक अधिवेशन रविवार को विकास भवन स्थित सभागार में संपन्न हुआ। अधिवेशन में चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी की देखरेख में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान किसी पद पर कोई विरोध न होने के चलते सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

संघ के संरक्षक चंद्रभूषण तिवारी और गुलाब चंद्र मिश्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुए अधिवेशन में राजेश कुमार सिंह को अध्यक्ष और कृपा शंकर शुक्ला को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा ऋषि मिश्रा को प्रांतीय प्रतिनिधि, जितेंद्र वर्मा को कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुमित्रा को महिला उपाध्यक्ष, रमेश कुमार मौर्य को संगठन मंत्री, सचिन कुमार गौड़ को संयुक्त मंत्री और रंजना को ऑडिटर चुना गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संघ के संरक्षकगणों ने उम्मीद जताई कि नई टीम ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेगी।


ग्राम विकास अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**▸▸ ग्राम विकास अधिकारी संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन**


# सैकड़ों अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

**▸▸ जनपद के 11 केंद्रों पर दो पालियों में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई परीक्षा**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** रविवार को जनपद सुलतानपुर में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं संपन्न कराई गईं।

प्रथम पाली में 5399 में से 4931 और द्वितीय पाली में 4930 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। पहली पाली में 468 तो दूसरी में 469 ने परीक्षा छोड़ दी। जिन केंद्रों पर परीक्षा कराई गई उनमें गणपत सहाय पीजी कॉलेज (दो ब्लॉक), केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, रामकली बालिका इंटर कॉलेज, राणा प्रताप पीजी कॉलेज (दो ब्लॉक), केएनआई पीएसएस मेन कैंपस, लॉ फैकल्टी फरीदीपुर तथा महाराणा प्रताप कॉलेज, उतुरी शामिल रहे। नकल रोकने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. सत्यवीर सिंह और प्रो. एपीएस गौड़ को केंद्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। प्रशासन ने प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र प्रतिनिधि व एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, दो-दो पर्यवेक्षक और पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला कक्ष निरीक्षक भी लगाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि परीक्षा के दौरान कहीं से भी नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई सूचना नहीं मिली है। शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो गई है।


शहर के जीआईसी से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# हर बूथ पर होगा कांग्रेस का सिपाही: संदीप

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को शहर कांग्रेस की अहम बैठक नगर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा ने की, जिसमें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर रणनीति तय की गई।

कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर संदीप त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि "हर बूथ पर कांग्रेस का सिपाही दिखे, यह हमारा संकल्प है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को पहचान कर उन्हें सम्मान और ज़िम्मेदारी दी जाएगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत शहर की टीम को नई ऊर्जा और जोश के साथ तैयार किया जा रहा है। बैठक में तय हुआ कि 25 वार्डों में वार्ड इकाइयां बनाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका के कार्यों की निगरानी और जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक निगरानी टीम भी गठित की जाएगी। इस मौके पर देवानंद मिश्र, राहुल त्रिपाठी, हौसिला प्रसाद भीम, राजेश तिवारी, योगेश प्रताप सिंह, दिलीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते शहर अध्यक्ष शकील अंसारी। अमृत विचार

**▸▸ कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शहर में हुआ कार्यक्रम**

### पति को छत से धक्का देने की आरोपी को मिली जमानत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद के प्रभारी सत्र न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत ने पति की मौत के मामले में आरोपी सन्नो बानो को जमानत प्रदान कर दी है। सन्नो बानो पर आरोप था कि बीती 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे पारिवारिक विवाद के दौरान उसने अपने पति दिलशाद को धक्का दे दिया, जिससे वह बालकनी से गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की रिपोर्ट मृतक की मां ने कोतवाली नगर थाने में दर्ज कराई थी। बचाव पक्ष के वकील सौरभ तिवारी ने तर्क दिया गया कि मृतक शराब के नशे में था और स्वयं छत से गिरा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतक के पेट में शराब की गंध और कई गंभीर चोटों की पुष्टि हुई है। साथ ही अभियुक्ता के दो छोटे बच्चे हैं, जो उस पर निर्भर हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि की दो प्रतिभूतियों के साथ सन्नो बानो को सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# नहाते समय तालाब में पेड़ गिरने से किशोर की मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के दसऊपुर गांव में रविवार दोपहर स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। गांव के तालाब किनारे लटक रहा पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से मोहम्मद गुलाम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई।

दसऊपुर निवासी मोहम्मद अजीज का पुत्र मोहम्मद गुलाम दोपहर लगभग 12 बजे अपने दोस्तों के साथ रोज की तरह गांव के निकट स्थित तालाब में स्नान कर रहा था। इसी दौरान तालाब के किनारे स्थित एक पुराना पेड़ अचानक टूटकर गिर पड़ा, जिससे गुलाम उसके नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अखण्डनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टर विवेक वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से थाने को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीएचसी से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने का निर्णय लिया और पंचनामा भरकर शव को अंत्येष्टि के लिए ले गए।

## सार-संक्षेप


गोष्ठी में शामिल किसान। अमृत विचार

### प्राकृतिक खेती पर हुई गोष्ठी, वैज्ञानिकों ने बताए लाभ

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को विकासखंड के बनकेगांव, तवक्कलपुर नगरा और लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायतों में किसानों के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि इस पद्धति से खेती करने से लागत घटेगी, जल की खपत कम होगी और किसानों को अधिक मुनाफा भी मिलेगा। खरीफ फसलों पर विशेष चर्चा करते हुए वैज्ञानिकों ने कहा कि यह तकनीक गर्मी से फसलों की सुरक्षा में भी सहायक होगी। संगोष्ठी में डॉ. एस.पी. मिश्रा, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर वर्मा, प्रसून वर्मा (फसल बीमा योजना), कृषि विभाग से संतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार वर्मा, बीटीएम डॉ. यादवेंद्र सिंह सहित ग्राम प्रधान वंशू, प्रधान प्रतिनिधि बृजकुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### छेड़खानी के विरोध पर मां-बेटी को पीटा, 5 पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए जा रही किशोरी से छेड़खानी और मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया कि शनिवार शाम पांच बजे जब वह अकेले बाग की ओर जा रही थी, तभी गांव का एक युवक पहले से घात लगाए बैठा था। किशोरी का आरोप है कि युवक ने उस पर झपट्टा मारते हुए अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर उसने डंडे से पीटते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर मां बीच-बचाव करने आई तो आरोपी युवक और उसके परिजनों ने उन्हें भी पीटा। पुलिस ने अमर बहादुर, बीकू, निर्मला, सोनी और बीकू के नाती के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है।

### सेवा बस्ती में अभाविप की पाठशाला की हुई शुरुआत

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वलीपुर नगर इकाई ने शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए परिषद की पाठशाला की शुरुआत की। यह पाठशाला सेमती स्थित एक कोचिंग सेंटर पर चलाई जाएगी, जहां बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। शुभारंभ के मौके पर नगर उपाध्यक्ष सत्यम पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलन किया। मुख्य अतिथि जिला सह संयोजक विपुल मिश्रा ने कहा कि यह पहल वंचित बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में परिषद के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।


परिषद की पाठशाला का किया गया शुभारंभ।


बाक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते पंकज दूबे। अमृत विचार

### 5वीं अंतर विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं अंतर विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे और टाइनी टॉट्स विद्यालय की ऑनर सौदामिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आयोजन की कमान जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव विजय यादव ने संभाली। इस प्रतियोगिता में सुजल विक्रम सिंह, अणिमा सिंह, प्रशांत तिवारी, आयुष प्रभात और अश्वनी शर्मा बतौर ऑफिशियल मौजूद रहे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूर्यांश सिंह, प्रभात सिंह, वैभव शर्मा, दीप्ति सिंह, रिया सिंह, स्वास्तिका सिंह, आदर्श द्विवेदी, अजीम अहमद, शिवांश शुक्ला, समर मिश्रा, सक्षम सिंह सहित कई खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीते। वहीं अर्पिता श्रीवास्तव, अथर्व मिश्रा, प्रख्यात सिंह, सानिया, अक्षत पटेल और आदित्य पाल को सिल्वर मेडल मिला। सुलतानपुर बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।


सेवानिवृत्त डाककर्मी को विदाई देते कर्मचारी। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त हुए डाककर्मी केपी सिंह, दी गई भावभीनी विदाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बस स्टैंड उपडाकघर में तैनात एमटीएस कर्मचारी केपी सिंह 31 मई को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर डाक विभाग की ओर से आयोजित विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। डाक अधीक्षक के प्रतिनिधि योगेश मिश्रा और प्रभारी सहायक डाक अधीक्षक दीपक मौर्य ने श्री सिंह को माल्यार्पण कर और रामचरितमानस भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडलीय सचिव शिवपूजन यादव ने किया, जिन्होंने दोशाला ओढ़ाकर केपी सिंह के निष्कलंक सेवाकाल की सराहना की। कार्यक्रम में सर्वेशपाल व बस स्टैंड डाकपाल आशिक अली, कालिका पांडेय, संजय सिंह और संतोष शुक्ल, बीएमएस अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कृषि संकल्प अभियान में दी तकनीकी जानकारी

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को जजरही जमालपुर गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि अधिकारियों व वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने बीज शोधन की प्रक्रिया बताई, जबकि सौरभ त्रिपाठी ने मिट्टी परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक एके सिंह और सीके त्रिपाठी ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला गन्ना अधिकारी ने उन्नत गन्ना बीजों से खेती के फायदे बताए। कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारियों ने सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहायता की जानकारी भी साझा की।

# जर्जर पुल के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बेहना ड्रेन पर स्थित जर्जर पुल के मरम्मत कार्य का शुभारंभ रविवार को सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय 'राजबाबू' ने नारियल फोड़कर किया। पुल की मरम्मत की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया।

यह पुल हरिहरपुर, सुखऊपुर और अशरफपट्टी गांवों की सीमा पर स्थित है, जो लंबे समय से खराब स्थिति में था। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर संबंधित विभाग ने पुल के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी है। मरम्मत कार्य शुरू होने से क्षेत्र के हरिहरपुर, रिहायकपुर, कूम्हीडाढ़िया, पालियागोलपुर, सुखऊपुर, अशरफपट्टी और बेलवारे रोड से जुड़े गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने कहा, यह पुल क्षेत्रीय लोगों के लिए जीवनरेखा की तरह है। इसके जर्जर हो जाने के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही थी और कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था। विभाग को सूचना देने के बाद पुल मरम्मत की स्वीकृति मिली है और कार्य जल्द ही पूरा कराया जाएगा।


पुल के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ करते सदर विधायक।

**▸▸ सदर विधायक ने नारियल फोड़कर की बेहना ड्रेन पर स्थित जर्जर पुल के निर्माण कार्य की शुरुआत**

**दबंगई** दोषी एसआई और सिपाहियों पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर थाने पर डटे रहे सैकड़ों भाजपाई

# थाने में भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट का आरोप

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** धनपतगंज थाना परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता प्रमोद मिश्रा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाना परिसर में बातचीत कर रहे मिश्रा पर उपनिरीक्षक एवं दो सिपाहियों ने हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके के भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग पर अड़ गए।

अतरसुमा निवासी प्रमोद मिश्रा कुछ फरियादियों के साथ थाना परिसर में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उपनिरीक्षक विजय गुप्ता अपने दो सिपाहियों के साथ पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मिश्रा से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता यमुना पांडेय के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया और उन पर कुर्सी से हमला करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को संभालते हुए उपनिरीक्षक चंद्रमणि यादव ने दोनों पक्षों को अलग किया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह पुलिस की दबंगई और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का मामला है। वहीं, आरोपी उपनिरीक्षक ने सफाई देते हुए कहा कि प्रमोद मिश्रा एक जांच में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो उन्होंने झूठा आरोप लगाया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के समय वे अपने आवास पर थे। घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।


थाना धनपतगंज पर भाजपा और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### दरोगा लाइन हाजिर, सीओ करेंगे मामले की जांच

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र की पिटाई के मामले में पुलिस कप्तान ने दरोगा विजय कुमार गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया। मामले की जांच बल्दीराय सीओ सौरभ सामंत को सौंप दी गई है।

### हनुमान मंदिर से दान पेटी व नौ घंटे चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के मकसूदन गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को चोरों ने बीती रात अपना निशाना बनाया। मंदिर में रखी दान पेटी और नौ पीतल के घंटे चोरी हो गए। ग्रामीणों के अनुसार यह मंदिर करीब 100 साल पुराना है और इसका जीर्णोद्धार आठ साल पूर्व जन सहयोग से हुआ था। मंदिर में कुल 11 घंटे लगे थे और श्रद्धालुओं द्वारा दी गई नकदी दानपेटी में रखी जाती थी। रविवार सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जब दानपेटी और घंटे गायब देखे तो गांव में हड़कंप मच गया। पूर्व प्रधान वीर बहादुर सिंह ने तत्काल इसकी सूचना लंभुआ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर से एक नफर वांछित अभियुक्त मुअसं 87/2025 धारा 137(2)/65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट को थाना क्षेत्र के ककरही-टडिया बाजार मार्ग से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार रामकरन पुत्र साधूसरन साकिन अजमागढ़ थाना जोगिया उदयपुर का निवासी बताया जाता है।

### भागवत कथा में विदुर के चरित्र का किया वर्णन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज नगर पंचायत के महाराजा अग्रसेननगर वार्ड में श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा के तृतीय दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे परम पूज्य स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महाराज ने भक्तों को सृष्टि का वर्णन की कथा का श्रवण कराया एवं इसी के साथ कथा व्यास ने विदुर प्रसंग को अद्भुत वर्णन किया कि किस प्रकार से विदुर ने केले का छिलका खिलाकर प्रेम से प्रभु को अपने वश में कर लिया। उन्होंने कहा कि भगवान ने प्रेम के भूखे हैं, भगवान को प्रेम से अर्पित किया हुआ सामग्री भगवान स्वीकार करते हैं। कथा के अगले पड़ाव में ध्रुव चरित्र का अद्भुत प्रसंग सुनाया कि किस प्रकार से ध्रुव ने पांच वर्ष की अवस्था में सौतेली मां के कहने पर भगवान की कठिन कठोर तपस्या करके भगवान को प्राप्त किया दर्शन किया भगवान ने ध्रुव का कल्याण किया। इस मौके पर यज्ञाचार्य विष्णु शरण शास्त्री, पं वेदप्रकाश शास्त्री, पं आशीष शास्त्री, सुजीत, राजेश्वरी देवी, चन्द्रभान गुप्ता, चंदु, नंदकिशोर गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता आदि रहे।

# सागरों को विकसित करने की बनाई गई कार्ययोजना

## 66 करोड़ की सागर माला परियोजना की स्वीकृति को लिखा पत्र

**डीएम की पहल**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



सिल्ट से भरा विशाल बजहा सागर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के सात सागरों के पर्यटकीय विकास के लिए बनी सागर माला परियोजना की स्वीकृति के लिए मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह ने शासन से पत्राचार किया है। उन्होंने पूर्व में डीएम के माध्यम से शासन को भेजी गई 65.46 करोड़ रुपये लागत की परियोजना के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की अपेक्षा की है। परियोजना के तहत सागरों की डिसिल्टिंग के लिए 12.93 करोड़ व 52.53 करोड़ से पर्यटकीय विकास होना है। इसकी स्वीकृति से बौद्ध स्थली कपिलवस्तु आने वाले देशी व विदेशी पर्यटक उसके पास में ही एक बेहतर प्राकृतिक स्थल का आनंद उठा सकेंगे।

नेपाल सीमा के निकट नौगढ़ व शोहरतगढ़ तहसील के तराई क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी हुकूमत ने सागरों व नहरों का निर्माण कराया था। वर्तमान में उपेक्षा के चलते बजहा, मझौली, सेमरा, मसई, मोती सागर, बटुआ, सिसवा, शिवपति, महला और मर्सी सागरों के सिल्ट से पट जाने के कारण सिंचाई सुविधा में दिक्कत हो रही है। डीएम डॉ. राजागणपति आर. की पहल पर सागर माला परिपथ के तहत मझौली सागर, सिसवा सागर, शिवपति सागर, बजहा सागर, मोती सागर, मसई सागर एवं सेमरा सागर को विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। डीएम ने नौ नवंबर 2024 को डीपीआर एवं पीपीटी तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए नगर विकास मंत्री को पत्र भेजा था। इसके बाद परियोजना की स्वीकृति के लिए गत 18 मई को प्रमुख सचिव सिंचाई एवं महानिदेशक पर्यटक को पत्र भेजा था। इसी परियोजना के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने भी पत्राचार किया है। उन्होंने सागरों की डिसिल्टिंग की 12.93 करोड़ की परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग को पत्र भेजा है। साथ ही इन सागरों की पर्यटकीय विकास की 52.53 करोड़ रुपये की परियोजना की स्वीकृति के लिए महानिदेशक पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम को पत्र भेजा है। उन्होंने दोनों अधिकारियों से सागर माला सर्किट के पर्यटन विकास के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के क्रम में संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

### सुरक्षा को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर ने की बैठक

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना लोटन पुलिस व एसएसबी के साथ थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। क्षेत्राधिकार सदर मयंक द्विवेदी आपरेशन कवच के तहत थाना लोटन पुलिस व एसएसबी के साथ थाना लोटन के चौकी हरिवंशपुर क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ईद-उल-अजहा

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने अफसरों के साथ की पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकरीद को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर जनपद स्तरीय पीस कमेटी एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए डीएम डॉ. राजा गणपति आर ने एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

बैठक में अधिकारी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, संभ्रात नागरिकों, उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षों व जनपद स्तरीय अधिकारियों से कई जानकारी ली। डीएम ने सभी थानाध्यक्षों से कहा कि छोटी बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। नगरपालिका/नगर पंचायत के अधिकारी शहरी क्षेत्र एवं जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित कर लें कि ईदगाह मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई होनी चाहिए। बकरीद की नमाज सार्वजनिक स्थल सड़क पर न पढ़ी जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा चालू रहनी चाहिए। कोई नयी परम्परा शुरू न की जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष का निस्तारण ठीक ढंग से करें जिससे कोई जानवर/पक्षी अवशेष को इधर-उधर न ले जाए। पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि पर्व को सकुशल संपन्न कराएं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी, गलत अफवाह न फैलाएं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका नगर पंचायत, अधिशासी अभियंता विद्युत, समस्त थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटाई

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत झरुवा में हरे पेड़ों की कटान नहीं रुक रही है। बता दें कि सरकार शुद्ध हवा एवं शुद्ध वातावरण के लिए, जहां सड़क किनारे सरकारी जमीनों पर पौधरोपण के लिए प्रतिवर्ष अभियान चलाती है वहीं पीएम मोदी एक वृक्ष मां के नाम लगाने का आग्रह करते हैं तो वहीं धरातल पर वन माफिया हरे वृक्षों की कटान करके प्राकृतिक का दुश्मन बने हुए हैं। रविवार को दिनदहाड़े शीशम का पेड़ कटेरा द्वारा कटवाकर ट्रैक्टर ट्राली में लादकर सड़क पर दौड़ती हुई नजर आ रही है। जिससे यह लगता है कि वन माफिया सक्रिय हैं। उसे शासन-प्रशासन के आदेश का भय नहीं है।

# प्रेस क्लब में लगा मेदांता का हेल्थ कैंप



स्वास्थ्य शिविर में चेकअप कराते लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में रविवार को मेदांता अस्पताल लखनऊ के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की देखरेख में बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर डॉक्टरों ने जरूरी परामर्श दिए। शिविर में वजन, पल्स, ब्लड प्रेशर, शुगर की सामान्य जांच के साथ ही ईसीजी व बीएमडी जैसी जांच की भी सुविधा मिली।

मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने मेदांता अस्पताल लखनऊ से आई टीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह हेल्थ चेकअप कैंप प्रेस क्लब कार्यकारिणी की पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कैंप में मेदांता अस्पताल लखनऊ के डीएम गैस्ट्रो डॉ. आलोक सिंह और फिजिशियन डॉ. अनिल कुमार ने पत्रकारों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की। ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, बीएमडी, ईसीजी की जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने जरूरी होने पर दवाएं लिखीं और दिनचर्या, भोजनचर्या आदि को लेकर परामर्श दिए। मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम में मैनेजर अमित वर्मा, स्टाफ नर्स संध्या कुमारी, दिशा पाल, पैरामेडिक स्टाफ मौजूद रहे।

# राप्ती नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** असनहरा माफी गांव के पास से होकर जाने वाली राप्ती नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व नायब तहसीलदार डुमरियागंज ने शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव निवासी राजेंद्र का लड़का महेंद्र कुमार (16) शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे गांव के दक्षिण राप्ती नदी में अपने दोस्त के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान महेंद्र कुमार का पैर फिसला और वह नदी के गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। महेंद्र को डूबता देख उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया तब तक वह पूरी तरह डूब गया था। दोस्तों ने गांव में आकर लोगों को बताया। गांव के तैराकों ने नदी में उतरकर काफी खोजबीन व दो घंटे से अधिक मेहनत के बाद महेंद्र को नदी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार डुमरियागंज बिद्रेश गुप्ता व त्रिलोकपुर पुलिस ने शव को पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। नायब तहसीलदार डुमरियागंज बिद्रेश गुप्ता ने बताया कि अहैतुक सहायता के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नगर पंचायतों में हुए विकास कार्यों की हुई समीक्षा



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अपर निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, उप्र असलम अंसारी, की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नगर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर निदेशक ने स्थानीय निकाय द्वारा वर्षा के मौसम के दृष्टिगत नगर पंचायतों में नाला/नाली की समुचित सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सभी अधिशासी अधिकारीगण को निर्देशित किया। अपर निदेशक द्वारा गौशाला निर्माण के सम्बन्ध में यह निर्देश दिया गया कि जिन नगर पंचायतों में गौशाला निर्माण हेतु गैर विवादित भूमि उपलब्ध हो गयी हो, उसके सम्बन्ध में धनराशि प्राप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें। बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोला बाजार एवं उरुवा बाजार के द्वारा यह अवगत कराया गया कि गौशाला निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु उप जिलाधिकारी, गोला से सम्पर्क स्थापित किया गया किन्तु अभी तक गैर विवादित भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है जिसके कारण गौशाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। अपर निदेशक महोदय द्वारा बैठक में बताया गया कि नगर पंचायत उरूवा बाजार में लगभग 16 करोड़ रूपये की धनराशि अप्रयुक्त पड़ी हुई है जिसका उपयोग नगर पंचायत द्वारा नहीं किया जा पा रहा है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह शासन से विभिन्न मदों/योजनाओं में प्राप्त धनराशि का उपयोग करने हेतु तत्काल नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। नगर पंचायत कार्यालय उरूवा बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि तत्कालीन अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी द्वारा कार्यालय भवन से सम्बन्धित पत्रावली तथा उसकी चाभी अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। इस बारे में अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करके कार्यालय का उपयोग सुनिश्चित करें।

# जिले में ऐतिहासिक रहा सीडीओ का तबादला

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शासन स्तर पर बुद्ध भूमि का सीडीओ पर पद तैनाती को लेकर तबादलों का खूब खेल किया जा रहा है। एक सप्ताह में चार बार सीडीओ बदले जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ने ज्वाइन नहीं किया। अब शुक्रवार रात बलराम सिंह को सीडीओ बनाने की घोषणा की गई है। इनका आगमन होगा या बगैर ज्वाइन करे इनके स्थान पर किसी और को सिद्धार्थनगर का सीडीओ बनाकर भेजा जायेगा। सिद्धार्थनगर में जयेन्द्र कुमार लंबे समय तक सीडीओ पद पर तैनात रहे। उनका तबादला हुआ तो उनके स्थान पर शासन ने संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ नियुक्त कर दिया था। दो ही दिन बीते थे कि उनका भी तबादला हो गया। उनके स्थान पर नये सीडीओ के रूप में सुमित यादव के नाम की घोषणा हो गई। जिले के लोग उनके आने का इंतेजार कर ही रहे थे कि एक और सूची आ गई जिसमें उनका तबादला निरस्त कर नवनीत सेहारा को सीडीओ बनाये जाने की तबादला सूची जारी कर दी। शासन की ओर से जारी तबादला सूची अंतिम है और अब फाइनली नवनीत सेहारा ज्वाइन कर लेंगे और सिद्धार्थनगर को सीडीओ मिल जायेगा, लेकिन इंतेजार खत्म नहीं हुआ।

# सफलतापूर्वक किया इंटरलॉकिंग कार्य

संवाददाता, गोरखपुर



कोचिंग कॉम्प्लेक्स बढ़नी की पिट लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे अपने सम्मानित यात्रियों को उन्नत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, विस्तार एवं उन्हें सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में बढ़नी रेलवे स्टेशन स्थित कोचिंग कॉम्प्लेक्स के इंटरलॉकिंग का कार्य 31 मई को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

कोचिंग कॉम्प्लेक्स, बढ़नी में ट्रेनों के अनुरक्षण और रखरखाव के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं, जिससे ट्रेनों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता में सुधार हो रहा है। कोचिंग कॉम्प्लेक्स, बढ़नी के इंटरलॉकिंग के दौरान रिले रूम के क्षमता में विस्तार हेतु 700 वायर डाले गए तथा साइडिंग लाइनों के लिए कुल 6 पॉइंट मशीनें नई स्थापित की गईं। वर्तमान में कुल 16 पॉइंट मशीनें स्थापित हैं। इसमें कुल 3 ट्रैक सर्किट नए जोड़े गए, जो वॉशिंग पिट की 3 लाइनों के लिए होंगी। कमीशनिंग के बाद कुल रूट 42 से बढ़कर 50 हो गये। इस इंटरलॉकिंग कार्य के पूरा होने से यात्री गाड़ियों का अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य बढ़नी कोचिंग कॉम्प्लेक्स में और अधिक सुचारू रूप से तथा बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

# धान की रोपाई का सीजन आते ही खाद की तस्करी में जुटे गैंग

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** धान की रोपाई के साथ किसानों को डीएपी की जरूरत पड़ेगी। उससे चार कदम आगे बढ़कर तस्कर यूरिया बॉर्डर पार करने लगे हैं। यूरिया की जरूरत अभी दो माह बाद पड़ेगी। ऐसे में तस्कर सीमावर्ती क्षेत्र की दुकानों से सेटिंग करके खाद नेपाल पहुंचाने लगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बॉर्डर पर सख्ती बढ़ गई है। इसलिए गाड़ी के बजाय साइकिल और बॉर्डर तक पहुंचाकर सिर पर रखकर सीमा पा कर दी जा रही है। एक पखवाड़े में यूरिया तस्करी के कई मामले सामने आ चुके हैं। अगर तस्करी पर अंकुश नहीं लगा तो यूरिया के लिए किसानों को मशक्कत करनी पड़ेगी। धान और गेंहू की फसल की बुवाई और रोपाई के साथ किसानों को खाद की जरूरत पड़ती है। डीएपी और यूरिया इसमें प्रमुख है। खाद तो पर्याप्त मात्रा में जनपद में आवंटित होती है, लेकिन इसके बाद तस्करी के चलते खाद की किल्लत शुरू हो जाती है। जैसा कि रबी के सीजन में बुवाई में एक- एक बोरी डीएपी और यूरिया के लिए किसानों को कई दिनों तक लाइन लगानी पड़ी। निजी दुकानों से किसानों को अधिक दाम देकर खाद खरीदनी पड़ती है।

इस बार धान का सीजन शुरू हो रहा है लेकिन इस सीजन में भी खाद की समस्या से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि एक से डेढ़ माह में धान की रोपाई के साथ डीएपी की जरूरत पड़ेगी। वहीं, रोपाई के कुछ दिन बाद यूरिया की जरूरत पड़ेगी। अभी से यूरिया की तस्करी बढ़ गई है। एक पखवाड़ा में कई बार यूरिया के साथ तस्कर पकड़े गए। इसका केंद्र बढ़नी और खुनुवां बॉर्डर है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि पर धान और गेहूं की खेती होती है।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर्स एकादश ने मीडिया एकादश को हराया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** तेज शुरुआत के बाद भी मध्य और निचले क्रम के लड़खड़ा जाने से मीडिया एकादश की टीम मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में डॉक्टर्स एकादश की टीम से पराजित हो गई। डॉक्टर्स एकादश की जीत के हीरो रहे डॉ. आशीष गोयल, जिन्होंने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए मीडिया एकादश के चार बल्लेबाजों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। सेंट एंड्रयूज कॉलेज मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर्स एकादश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज डॉ. अभिषेक यादव ने 26 गेंद पर 50 रन और विष्णु दत्त मिश्रा ने 35 गेंद पर 42 रन बनाए। डॉ. त्रिलोक रंजन ने भी शानदार खेल दिखाते हुए 29 गेंद पर 32 रन बनाए। डॉ. अमित यादव ने 26, कप्तान डॉ. मुदित गुप्ता ने 2 और संतोष ने 7 रन बनाए। डॉक्टर्स एकादश की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे सांसद कमलेश पासवान बिना खाता खोले पैवेलियन लौट गए। मीडिया की टीम की तरफ से संजय पांडेय ने दो और कप्तान दिलीप सिंह व राकेश सिंह ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया की टीम ने तेज शुरुआत करते हुए चार ओवर में 44 रन बना लिए थे लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक सिंह (19 गेंद पर 29 रन) के आउट होने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 113 रन पर आउट हो गई। हालांकि इस दौरान दूसरे सलामी बल्लेबाज सतीश पांडेय एक छोर पर बारहवें ओवर तक डटे रहे। उन्होंने कुल 28 रन बनाए। मीडिया टीम के वंश ने 15, राजीव पांडेय ने 8, अजय शर्मा ने 6, दिलीप सिंह ने 3, अभिनव चतुर्वेदी ने 3 और गजेंद्र त्रिपाठी ने एक रन बनाए। विनय सिंह, प्रेम पराया और राकेश सिंह कोई भी रन नहीं बना सके। डॉक्टर्स एकादश की तरफ से डॉ. आशीष गोयल ने चार, डॉ. अमित ने दो और डॉ. त्रिलोक रंजन तथा डॉ. फैजान ने एक-एक विकेट लिए।

### सरयू नहर खंड बांसी के जिम्मेदारों पर मनमानी का आरोप

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा बनचौरा निवासी राम बहादुर पुत्र साधू सरन ने सरयू नहर खंड बांसी के जिम्मेदारों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए डीएम को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित किसान का कहना है कि गाटा संख्या 155 जिसमें उक्त संक्रमणीय भूमिधर है उक्त गाटे में उसका भी आधा हक व हिस्सा है। जिसमें सह खातेदार भगौती व दूधनाथ अपना-अपना हिस्सा बैनामा सरयू नहर परियोजना की शाखा हेतु रकवा 0.04375 नहर विभाग को बैनामा कर चुके है। वहीं, पीड़ित किसान की भूमि भी नहर विभाग द्वारा उपरोक्त 0.04375 रक्वा उसके हिस्से से की जा रही है। जबकि नहर विभाग द्वारा अत्याधिक भूमि किसान के रक्वे से लेने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें बिना किसी सर्वे व पैमाइश के जबरदस्ती भूमि ली जा रही है।

### हिंदी सेवा के लिए मेघालय में मिला सम्मान

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिले के फाजिलनगर निवासी कवि एवं साहित्यकार अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' को हिन्दी के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए पूर्वोत्तर हिन्दी शिखर सम्मान से अकादमी द्वारा शिलांग में आयोजित 19वें लेखक मिलन शिविर 2025 के मंच पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विमल बजाज की अध्यक्षता में हुए इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मेघालय सरकार के सचिव डॉ. बीबी तिवारी, विशिष्ट अतिथि मणिपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार शर्मा और अतिथि डिग्री कॉलेज एटा, उत्तर प्रदेश की अवकाश प्राप्त हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सक्सेना ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अभिमन्यु 'मन्नू' की इस साहित्यिक उपलब्धि पर साहित्य प्रेमियों और रचनाकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# योग करने से निखरता है संपूर्ण व्यक्तित्व

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** योग अभ्यास के अनेक लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने हेतु पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगाँठ के अवसर पर वर्ष-2025 हेतु "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग" थीम रखा गया है। योग से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। रेलवे के परिप्रेक्ष्य में संरक्षा के दृष्टिकोण से योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। रेल संचलन से जुड़े रेलकर्मियों को नियमित योग करने से तनाव रहित होकर रेल संचालन में मदद मिलती है, जिसकी संरक्षित रेल संचलन में जरूरत होती है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की 10वीं वर्षगाँठ के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगाँठ एवं थीम से सम्बन्धित संदेश डिस्प्ले एवं अनाउंसमेंट किये जायेंगे। योग विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन व्याख्यान, कार्यशाला एवं संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जायेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नमस्ते योग एप पर योग विशेषज्ञों एवं योग केन्द्रों की जानकारियाँ, योगासन के वीडियो तथा योग से होने वाले फायदों के बारे में सेलिब्रिटी के वीडियो उपलब्ध हैं और वाई-ब्रेक एप पर योग एट चेयर, योग फॉर वर्कहोलिक्स-1 तथा योग फॉर वर्कहोलिक्स-2 के अन्तर्गत कार्यस्थल पर उत्पादकता में वृद्धि हेतु एवं कार्यस्थल पर तनाव से मुक्ति, रिफ्रेश एवं रि-फोकस होने के लिये आसन, प्राणायाम एवं ध्यान से सम्बन्धित वीडियो उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर स्वस्थ रहा जा सकता है। 21 जून, 2025 को कार्मिक विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में मुख्यालय, गोरखपुर एवं तीनों मंडलों; रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केन्द्रों; डीजल लॉबी; यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर; सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर तथा बहुविषयक पद्धति प्रशिक्षण केन्द्र, गोरखपुर में योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसमें रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों द्वारा भाग लेकर कुशल योग प्रशिक्षकों की देखरेख में योगाभ्यास किया जायेगा। इसी प्रकार, पूर्वोत्तर रेलवे के हायर सेकेंडरी स्कूल, बालिका इंटर कॉलेज एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास किया जायेगा।



आजाद पोखरा के लोकार्पण के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### विधायक ने किया आजाद पोखरा का लोकार्पण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगरपालिका परिषद बांसी द्वारा निर्मित आजाद पोखरा सुंदरीकरण कार्य और राप्ती नदी के उत्तरी छोर पर बने रुद्र योग मुद्रा प्रतिमा सहित कई अन्य सड़कों का लोकार्पण विधायक जय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने शनिवार की रात किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा पोखरे का सुंदरीकरण कार्य और पार्क बनकर तैयार हो गया है जो काफी सुंदर है। डीएम ने कहा यह बांसी कस्बे का हार्ट है। अब इसकी स्वच्छता और सुंदरता बनाये रखने की जिम्मेदारी सबकी है। उन्होंने कहा कस्बे के निराला नगर वार्ड में स्थित पोखरे का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग हुई है। नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि पोखरे का सुंदरीकरण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था जो आज पूरा हो गया। पूर्व नपा अध्यक्ष मो. इदरीश पटवारी व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने अतिथियों का आभार जताया।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

## शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

# सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक/मुंबई, एजेंसी

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

# समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

नई दिल्ली, एजेंसी

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

## बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।



## एक नजर

### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।



उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

# बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पर प्रति व्यक्ति आय में काई अच्छा सुधार नहीं : गर्ग

- पूर्व वित्त सचिव ने कहा- प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व वित्त सचिव सुभाषचंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के जीडीपी को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।

वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

# सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

## सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

# ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुंबई, एजेंसी

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।





**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



759 रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



25 विकेट

## उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

## सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

## एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

## सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# बारिश से विलंब से शुरू हुआ मैच पूरे 20 ओवर का होगा मुकाबला

## मुंबई इंडियंस का पहला विकेट गिरा, रोहित शर्मा 8 रन बनाकर लौटे पवेलियन

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पूरे बीस ओवर डाले जायेंगे जबकि बारिश के कारण खेल सवा दो घंटे विलंब से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बताया कि मैच नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा और कोई ओवर कम नहीं किया जाएगा। इससे पहले बारिश के कारण खेल की शुरूआत में विलंब हुआ। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

खबर लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए थे। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा महज आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।



बारिश बंद होने का इंतजार करते कवर मैन। ● एजेंसी



मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा रन पूरा करते हुए। ● एजेंसी

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**फिट इंडिया संडे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ-फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएंगे।

श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहायह अभियान बहुत बड़ा है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। ● एजेंसी

## मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## मेरा लक्ष्य विश्व शीर्ष-50 में पहुंचना है : घोरपड़े

**अहमदाबाद :** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गईं।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की



मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



**जयपुर :** पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। ● एजेंसी

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।

**नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है।

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# ईरान की परमाणु गतिविधियां सभी समझौतों के भीतर

दुबई, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो हथियार बनाने योग्य स्तर का है। टेलीग्राम पर अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी से बातचीत में ईरान के सहयोग पर जोर दिया।

आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है। रिपोर्ट में इसे



● ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार की रिपोर्ट पर विदेश मंत्री ने आईएईए प्रमुख से की बात

गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। अराघची ने ग्रॉसी से बातचीत में इस चीज पर जोर दिया कि ईरान की सभी परमाणु गतिविधियां समझौतों के ढांचे के भीतर हैं और आईएईए द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। आईएईए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि ईरान के कई स्थानों पर (जिन्हें तेहरान परमाणु स्थल घोषित करने में विफल रहा है) आईएईए निरीक्षकों द्वारा यूरेनियम की मौजूदगी का पता लगाने के मामले में उसके साथ ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा है।

# रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों से दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया। यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना से आग लग गई।

# बढ़ती उम्र और नींद

भागदौड़ भरी जीवनशैली में देर रात तक जागना आम है। युवा से लेकर कामकाजी लोग तक, कई कारणों से देर तक जागते हैं- चाहे वह मोबाइल फोन हो, काम का दबाव हो या मनोरंजन। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत आपके दिमागी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है? हाल ही में किए गए एक बड़े अध्ययन से यह सामने आया है कि जो लोग देर रात तक जागने के आदी हैं, उनकी दिमागी क्षमता उम्र के साथ तेज़ी से घटती है। इसके उलट, सुबह जल्दी उठने वालों में यह गिरावट अपेक्षाकृत धीमी होती है। नींद की नियमितता, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों का हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। हाल ही में नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ग्रोनिंगन द्वारा किए शोध में यह बात सामने आई है कि रात में देर तक जागने वालों की दिमागी क्षमता उम्र के साथ घटती है। इसमें 23,800 लोगों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता का विश्लेषण 10 वर्षों तक किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव

### क्रोनोटाइप और सोना-जागना

शोध के अनुसार, व्यक्ति का क्रोनोटाइप— यानी वह दिन के किन हिस्सों में ज्यादा सक्रिय रहता है—यह तय करता है कि उसकी नींद और जागने की आदतें कैसी हैं। देर रात तक जागने वाले लोगों का सोने-जागने का चक्र देर से शुरू होता है, जबकि सुबह जल्दी उठने वाले लोग जल्दी सोते और उठते हैं।



### जीवनशैली-मस्तिष्क पर असर

शोध में पाया गया कि देर तक जागने वाले लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, शराब का सेवन ज्यादा करते हैं और कम शारीरिक गतिविधि करते हैं, जिससे उनकी दिमागी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### उम्र के साथ-साथ नींद के चक्र में बदलाव

बचपन में अधिकतर बच्चे जल्दी उठते हैं, किशोरावस्था में देर से जागने लगते हैं और 20 की उम्र के बाद फिर धीरे-धीरे सुबह उठने की प्रवृत्ति लौटने लगती है। हालांकि यह बदलाव सभी में नहीं होता।

### सलाह-समाधान

शोधकर्ताओं की सलाह है कि जितना संभव हो, व्यक्ति को अपने प्राकृतिक नींद चक्र के अनुसार जीवनशैली अपनानी चाहिए। जब शरीर मेलाटोनिन नहीं बनाता, तब ज़बरदस्ती सोने की कोशिश न करें। यदि कोई व्यक्ति रात में जागने का आदी है, तो उसे काम शुरू करने का समय भी उसी के अनुसार होना चाहिए, ताकि मस्तिष्क को पूरा आराम मिल सके और दीर्घकालिक मानसिक समस्याएं न हों।

### उच्च शिक्षित लोगों में नींद की समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अच्छी शिक्षा पाने वाले कई लोग, जो सुबह जल्दी नौकरी पर जाते हैं, उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती। इससे मस्तिष्क को पूरा विश्राम नहीं मिल पाता, और उनकी मानसिक क्षमता धीरे-धीरे घटने लगती है। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि 25% मामलों में दिमागी गिरावट का कारण धूम्रपान और खराब नींद होती है।

### सोने की आदतों का रखें ध्यान

इस शोध का सार यही है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नींद की आदतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि दिमाग को भी रोज़ विश्राम की ज़रूरत होती है।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान को लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस-पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनी: अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांस: जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट( आईएस-रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## अल्जीरिया में बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील

अल्जीयर्स, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।



उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयले, हिंद-प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

### थरूर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्राजील

**ब्रासीलिया।** शशि थरूर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो भारत की नीतियों से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल का दूतावास प्रभारी संदीप कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत-ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### पाकिस्तान से बातचीत पीओके वापस लेने पर

**कुआलालंपुर।** मलेशिया गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान से अगली बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस लेने पर होनी चाहिए। हम दशकों से पाकिस्तान से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है-पाकिस्तान के साथ गतिरोध।

## झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने रंग-बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41



● एक्सिओम स्पेस के चौथे मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन जाने को शुक्ला तैयार

बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

# इजराइली सेना की गोलीबारी से गाजा में 31 फलस्तीनियों की मौत, 69 घायल

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी में खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले सात लोग मारे गए तथा 69 से अधिक घायल हो गए।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा: इजरायल



**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया, हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# आईसीटी ने हसीना पर कई अपराधों के लगाए आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का



● छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में हसीना की भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य अपराधों के लगाए गए आरोप

प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक 'तराजू' चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं। चुनाव आयोग ने उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुरूप दिसंबर 2018 में जमात का पंजीकरण रद्द कर दिया था, जो 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध कर रही थी।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका



● अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। ट्रंप ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12 :50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है और एक स्थान पर सैनिकों के जमावड़े के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरत रही है, क्योंकि अग्रिम मोर्चे पर आसमान रूसी ड्रोन से भरे हैं जो निशाने की तलाश में रहते हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के समर्थक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आवास बलुवाटर की ओर बढ़े तो पुलिस से झड़प हो गई।

**चिंताजनक** उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

● रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं

● अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी

अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकीपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।



### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफ़िक का 66 प्रतिशत से अधिक (3 .5 अरब से अधिक विज़िट) प्रत्यक्ष ट्रैफ़िक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक कॉपी कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।